चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 146, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 24 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'यूपी फॉर यूपी, यूपी फॉर इंडिया, यूपी फॉर द वर्ल्ड' की संकल्पना करेंगे साकार



**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि अगले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का राज्य बन जाएगा। उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लिए 'यूपी फॉर यूपी, यूपी फॉर इंडिया, यूपी फॉर वर्ल्ड' की संकल्पना की है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में योगी ने कहा कि अब समय उत्तर प्रदेश का है। अपने पोटेंशियल का पूरा लाभ उठाते हुए उप्र देश के बहुआयामी विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनेगा। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उप्र को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थ व्यवस्था बनाना हमारा मिशन है। अधिकारी इसके लिए कोर सेक्टर्स पर फोकस करें। इनमें कृषि, धार्मिक पर्यटन, विनिर्माण और आईटी एंड आईटीईएस हमारे कोर सेक्टर्स हैं। इसके अलावा एनर्जी, हेल्थ, शहरी विकास, शिक्षा, फूड प्रसेसिंग, एमएसएमई आदि सेक्टर्स पर भी हमें विशेष फोकस करने की आवश्यकता है।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश के बड़े महानगरों को अलग-अलग सेक्टर्स के हब के रूप में डेवलप करने की योजना है। इसी क्रम में लखनऊ को देश का पहला एआई सिटी बनाने की तैयारी है। साथ ही प्रदेश को ग्रीन एनर्जी का हब बनाने को लेकर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा। व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए ज्यादा से ज्यादा टेक्नोलॉजी का उपयोग करना होगा। किसी भी प्रकार की पेंडेंसी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप्र के पास एमएसएमई का 96 लाख यूनिट्स का बेस है। वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए इसे लेकर बड़े स्तर पर योजना बनाने की आवश्यकता है।

**हर प्रकार के निर्माण कार्य का कराएं रजिस्ट्रेशनः** इस दौरान निर्माण सेक्टर की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 54 लाख आवास गरीबों के लिए निर्माण कराए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन की तर्ज पर हर प्रकार के निर्माण कार्यों का रजिस्ट्रेशन जरूर कराएं। इसके लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग करें। शहर और गांवों में होने वाले हर निर्माण कार्य का डेटा हमारे पास होना चाहिए। इस व्यवस्था के साथ पंजीकृत होने वाले निर्माण कार्यों की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त करें। रजिस्टर्ड निर्माण कार्यों के दौरान या बाद में अगर कोई दुर्घटना होती है तो उसके लिए बीमा की व्यवस्था करें। इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रत्येक निर्माण का रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप यूपी पहला ऐसा राज्य है जहां जिलों की जीडीपी को जारी करने का कार्य हुआ। कोविड काल में यह काम जरूर रुका, जिसे पुनः शुरू कराया जाए। पूरे जिले के विभिन्न संसाधनों से होने वाले आय-व्यय के डेटा के साथ जिलों के जीडीपी को प्रकाशित कराएं। यह डेटा विभिन्न विश्वविद्यालय को भी स्टडी के लिए भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि तमाम कानूनी बंदिशों को हटाकर ओडीओपी को सशक्त किया गया है। जो काम आजादी के बाद होना चाहिए वो काम 2017 के बाद शुरू हुआ। आज प्रदेश में पर्यटन उद्योग से लाखों लोग जुड़े हुए हैं। इस सेक्टर में 24 प्रतिशत से ज्यादा का ग्रोथ हुआ है। प्रदेश का कोई ऐसा पर्यटन स्थल नहीं है, जहां एक भी होटल, गेस्ट हाउस खाली हो।

### बिहार में हुई विपक्षी एकता की बैठक में एकजुट होकर चुनाव लड़ने पर बनी सहमति

# लोकसभा: विपक्ष का जोश हाई

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में पटना में संपन्न विपक्षी दलों की बैठक में एकजुट होकर चुनाव लड़ने पर सहमति बनी है। हालांकि, कुछ मुद्दे पर राहुल गांधी की बातों से मतभेद भी नजर आया। ढाई घंटे चली बैठक में 15 पार्टियों के नेता मौजूद रहे। विपक्षी एकता की दूसरी बैठक शिमला में होगी। यह बैठक 10 से 12 जुलाई के बीच हो सकती है।

पार्टियों की संयुक्त पत्रकार वार्ता में नीतीश कुमार ने कहा कि एक साथ चलने की बात हुई है। एक साथ चुनाव लड़ने की सहमति बन गई है। अगली बैठक सब पार्टियों की एक और जल्द की जाएगी। इस मीटिंग में अंतिम रूप दिया जाएगा कि कौन कहां से और कैसे लड़ेगा। नीतीश कुमार ने कहा कि खड़गे एक और मीटिंग करेंगे। हम लोगों ने कहा कि जल्दी मीटिंग करिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि अगले महीने जल्द ही मीटिंग करेंगे। सब लोगों ने माना है कि हमलोग मिलकर चलेंगे। अगली मीटिंग में सीटों के बंटवारे पर चर्चा होगी।वर्तमान सरकार इतिहास को बदलने में लगी है। आज हर चीज और राज्य के बारे में बातचीत हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि एक होकर चुनाव लड़ने की सहमति बनी है। कॉमन एजेंडा बना है। विपक्ष की अगली बैठक 12 जुलाई को शिमला में हो सकती है। जल्द ही इस बारे में सभी पार्टियों को सूचित कर दिया जायेगा। हमने तय किया है कि बैठ कर एजेंडा बनाएं कि किन-किन चीजों पर हम निर्णय ले सकते हैं। हर राज्यों में हम लोगों को अलग तरह से काम करना पड़ेगा। हर राज्य के लिए अलग स्ट्रेटजी होनी चाहिए। एक होकर, एकजुट होकर 2024 की लड़ाई हमको लड़ना है। साथ ही भाजपा को सत्ता से बाहर करने का निर्णय लिया गया है।




### राहुल से बोले लालू यादव- महात्मा जी अब शादी करिए: हम बारात में चलेंगे

**पटनाः** पटना में विपक्षी पार्टियों की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्खऊ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने राहुल गांधी से कहा, महात्मा जी शादी तो करिए। दाढ़ी बढ़ाकर कहां घूम रहे हैं। हमारी बात मानिए शादी तो करिए। मम्मी आपकी कहती थीं मेरी बात नहीं मानता है शादी आप लोग करवाइए। अभी भी समय बीता नहीं है। शादी करिए हम लोग बारात चलेंगे। पक्का करना पड़ेगा। आपकी उम्र कहां बीती है। दाढ़ी बढ़ा लिए हैं, अब कटवा लीजिए। नीतीश जी की यह राय है, दाढ़ी छोटा कर लीजिए। यह बात सुनकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत विपक्ष के सभी नेता हंसने लगे।

इसमें हमलोग जरूर कामयाब होंगे। हम नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हैं।राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार का सारा डिश खिला दिया है। लिट्टी-चोखा से लेकर गुलाब जामुन तक। उन्होंने कहा कि सारे संवैधानिक संस्थानों पर भाजपा-आरएसएस आक्रमण कर रही है। आज विचारधारा की लड़ाई है तो हम सब एक साथ खड़े हैं। थोड़ा अलगाव है लेकिन हमने निर्णय लिया है कि हमलोग एक साथ काम करेंगे। कुछ ही समय में अगली मीटिंग होगी।

### विपक्षी एकता में आप ने अलापा अपना राग, कहा कांग्रेस के साथ नहीं बैठेंगे

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को पटना में हुई विपक्षी पार्टियों की महा बैठक के बाद वक्तव्य जारी कर कांग्रेस के साथ अपनी नाराजगी जाहिर की है। पार्टी का कहना है कि केंद्र के अध्यादेश के मुद्दे पर कांग्रेस की झिझक और टीम भावना से कार्य करने से इनकार उसकी भूमिका पर संदेह पैदा करती है।

पार्टी ने वक्तव्य जारी कर कहा कि आम आदमी पार्टी किसी ऐसे गठबंधन में शामिल नहीं हो सकती, जिसमें कांग्रेस शामिल हो। कांग्रेस को सार्वजनिक तौर पर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ आना होगा और राज्यसभा में अपने 31 सांसदों के साथ इसका विरोध करना होगा। ऐसा नहीं होने तक आम आदमी पार्टी सभी एक जैसी सोच वाली पार्टियों की बैठक में शामिल नहीं होगी। आम आदमी पार्टी ने कहा कि विपक्षी एकता से जुड़ी पटना में हुई महा बैठक में 15 राजनीतिक दलों ने भाग लिया। 15 राजनीतिक दलों में से 12 के पास राज्यसभा में सांसद हैं। इनमें से 11 पार्टियां दिल्ली में स्थानांतरण और नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ हैं। केवल कांग्रेस पार्टी ही अध्यादेश पर रुख स्पष्ट नहीं कर रही है। कांग्रेस की दिल्ली और पंजाब इकाइयों ने घोषणा की है कि पार्टी को इस मुद्दे पर मोदी सरकार का समर्थन करना चाहिए। आम आदमी पार्टी को इस बात की भनक लगी है कि कांग्रेस इस अध्यादेश को पारित कराने में मदद कर सकती है। पार्टी के सांसद अध्यादेश से जुड़े विधेयक पर मतदान के दौरान सदन की कार्यवाही से नदारद रह सकते हैं।

# रेलवे ने अमेरिकी एजेंसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय रेलवे ने 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन की उपलब्धि हासिल करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता पर सहयोग के लिए अमेरिकी संघीय सरकारी एजेंसी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय रेलवे (आईआर) और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट, इंडिया (यूएसएआईडी/इंडिया) के बीच 14 जून को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।



समझौता ज्ञापन में नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्रों में सहयोग की परिकल्पना की गई है। एमओयू पर भारतीय रेलवे के रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एंड रोलिंग स्टॉक) नवीन गुलाटी और यूएसएआईडी के उप प्रशासक इसाबेल कोलमैन ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ अनिल कुमार लाहोटी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। एमओयू के माध्यम से भारतीय रेलवे को तकनीकी सहायता एवं समर्थन प्रदान किया जाएगा। नियामक और कार्यान्वयन बाधाओं को दूर करने के लिए तकनीकी सहायता व्यवस्था अनुकूल, बड़े पैमाने पर नवीकरणीय खरीद के लिए समर्थन के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया की योजना और प्रबंधन, ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने में भारतीय रेलवे का समर्थन करना है।

## केंद्र ने बिजली नियमों में संशोधन किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रचलित बिजली व्यवस्था में दो महत्वपूर्ण बदलाव करने के लिए शुक्रवार को विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2020 में एक संशोधन पारित किया है। ये बदलाव दिन के समय (टीओडी) टैरिफ की शुरूआत और स्मार्ट मीटरिंग प्रावधानों के युक्तिकरण से संबंधित है। दिन के समय (टीओडी) टैरिफ प्रणाली में, दिन के हर समय एक ही दर पर बिजली के लिए शुल्क लेने के बजाय, बिजली के लिए आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली कीमत दिन के समय के अनुसार अलग-अलग होगी।

# 'द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाएगी मोदी की अमेरिका यात्रा'




**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को उम्मीद है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी दोनों देशों के बीच साझेदारी को लेकर उत्साहित होने की बात कही है। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित किया था। इसके बाद अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा अंतरिक्ष, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं में द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर लेकर जाएगी। हैरिस की ओर से ट्वीट कर कहा गया कि भारत-अमेरिका की साझेदारी पहले से कहीं अधिक मजबूत है। हमारे देश मिलकर भविष्य को आकार देंगे। हम अधिक समृद्ध, सुरक्षित और स्वस्थ दुनिया बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी 21वीं सदी की सबसे अहम साझेदारियों में से एक है। यह यात्रा अंतरिक्ष से लेकर रक्षा, उभरती प्रौद्योगियों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्षेत्र तक हमारी साझेदारी को अगले स्तर पर लेकर जाएगी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की उम्मीदों पर भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने भी सकारात्मक रुख दिखाया है। कमला हैरिस के ट्वीट को कोट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि हमारी साझेदारी वास्तव में इस सदी के लिए अपार संभावनाएं रखती है। मैं भविष्य के क्षेत्रों में हमारे सहयोग को बढ़ाने को लेकर भी उतना ही उत्साहित हूं। कमला हैरिस ने अपने ट्वीट के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए फोटो भी ट्वीट किया था।

## विपक्ष के नेताओं को सता रहा मोदी का खौफ : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊः भाजपा के वरिष्ठ नेता व** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पटना में हुई विपक्ष के नेताओं की बैठक पर पलटवार किया है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विपक्ष के नेताओं को मोदी फोबिया हो गया है, उन्हें मोदी का खौफ सता रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में 2019 से भी बड़ी जीत होगी। सारा विपक्ष एक हो जाने के बाद भी 2024 में 300 का आंकड़ा भाजपा पार करेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं का यह बेमेल गठबंधन है। यह बैठक पूर्णतया फेल साबित हुई है। विपक्ष की बैठक में खोदा पहाड़ निकली चुहिया। प्रधानमंत्री पद के लिए किसी ने अपनी दावेदारी नहीं छोड़ी है। कांग्रेस हटाओ देश बचाओ जिन दलों का नारा हुआ करता था आज वही दल कांग्रेस पार्टी की कठपुतली बने हुए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्होंने रामभक्तों पर गोली चलाने का काम किया था। जो रथ यात्रा को रोकने के दोषी थे। जिनके परिवार की राजनीति खतरे में है। ऐसे सभी राजनैतिक दलों के नेता पटना में एकत्रित थे।

# केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह में सोने की परत चढ़ाने का मामले में उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करने का निर्देश

**देहरादून।** केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह की दीवारों पर सोने की परत चढ़ाने पर उठे विवाद को लेकर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने सचिव धर्मस्व हरिचंद्र सेमवाल को जांच के निर्देश देकर गढ़वाल कमीशनर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करने को कहा है। जांच कमेटी में तकनीकी विशेषज्ञों के साथ-साथ सुनार को भी शामिल करने की बात कही गई है। सतपाल महाराज ने कहा कि विपक्षी दल आस्था से जुड़े इस मामले को अनावश्यक तूल देकर




चारधाम यात्रा में खलल डालने की कुचेष्टा न करे। गढ़वाल कमीश्नर की अध्यक्षता में जांच कमेटी के गठित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं जो भी दोषी पाया जायेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक आस्था से जुड़े इस मामले को लेकर बेहद संवेदनशील है। मेरा विनम्र आग्रह है कि इस प्रकार के मामलों को विवादों में न डाला जाए। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अधिनियम-1939 में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप ही दानी दाता से दान स्वीकारा गया है और श्री केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह को स्वर्ण मंडित करने के लिए प्रदेश शासन से अनुमति ली गई। सतपाल महाराज ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के विशेषज्ञों की देख देख में ही स्वर्ण मंडित करने का कार्य किया गया था।

### कंपनी इस संयंत्र पर कुल 2.75 अरब डॉलर (लगभग 22,540 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी

# 'भारत निर्मित पहली सेमीकंडक्टर चिप दिसंबर 2024 तक आ जाएगी'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप दिसंबर 2024 तक आ जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में चार-पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र एक साल के अंदर स्थापित होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के जारी संयुक्त बयान के बाद अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां मीडिया को बताया कि भारत में बनी चिप दिसंबर 2024 तक आ जाएगी। प्रस्तावित माइक्रोन सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए गुजरात में भूमि आवंटन, संयंत्र डिजायन का कार्य और कर अनुपालन संबंधी



समझौता किया जा चुका है। एक दिन पहले यानी गुरुवार को कंप्यूटर चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन ने कहा था कि वह गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाएगी। कंपनी इस संयंत्र पर कुल 2.75 अरब डॉलर (लगभग 22,540 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। दो चरणों में विकसित किए जाने वाले इस संयंत्र पर वह अपनी तरफ से 82.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी, जबकि बाकी राशि का निवेश केंद्र एवं राज्य सरकारों की ओर से किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि माइक्रोन कंपनी का गुजरात असेंबली एवं परीक्षण संयंत्र का चरणबद्ध निर्माण वर्ष 2023 में शुरू होने उम्मीद है। पहले चरण में पांच लाख वर्ग फुट क्षेत्र विकसित किया जाएगा। वर्ष 2024 के अंत तक इसका परिचालन शुरू हो जाएगा। सेमीकंडक्टर चिप विनिमार्ता ने कहा कि इस संयंत्र से करीब 5 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जबकि 15 हजार लोगों को कई साल तक परोक्ष रोजगार मिलता रहेगा।

# उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट

**चंपावत।** मौसम विभाग ने प्रदेश में 24 जून से 26 जून तक तेज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में आकाशीय बिजली चमकने, भारी बारिश के साथ ही तेज झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग देहरादून द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 26 एवं 27 जून को राज्य में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने के संभावना है। साथ ही दक्षिणी-पश्चिमी मानसून के भी अगले 2 दिन में



उत्तराखंड पहुंचने की संभावना है। जिलाधिकारी व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष नरेंद्र सिंह भंडारी द्वारा बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत चम्पावत के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 दिवसीय (26 जून से 30 जून) अवकाश घोषित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### दो अलग अलग गांवों से दो किशोरियां घर से हजारो लेकर प्रेमी संग फरार

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों की दो किशोरियां अपने अपने घरों से जेवरात नगदी समेट कर अपने अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयीं। दोनों मामलों में नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है मऊआइमा थान क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का कथन है कि उसकी सतरह वर्षीय पुत्री को गांव की एक युवती की मदद से पचीस हजार रुपये नगदी, जेवरात समेट कर एक युवक की सहायता से भाग गयी। व्यक्ति ने मऊआइमा थाने में गांव की अपहरण कर्ता की सहयोगी रूपा देवी पुत्री इन्द्रपाल, तथा एक युवक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है उधर मऊआइमा के दूसरे गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी तेरह वर्षीय पुत्री शौच के लिए गयी थी तथा घर से साढ हजार और जेवरात लेकर अपने प्रेमी अरविन्द कुमार उर्फ सचिन पुत्र अलगू पटेल के साथ फरार हो गई। दोनों माम्मलो में पुलिस ने आपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# करछना तहसील का निरीक्षण करने पहुंचे मंडलायुक्त

## बिजली पानी की समस्या पर जताई नाराजगी, अधिवक्ताओं ने सौंपा नौ सूत्रीय ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज के अर्धशहरी तहसील में शुमार करछना का शुक्रवार शाम को कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत ने औचक निरीक्षण किया। मडालायुक्त विजय विश्वास पन्त ने तहसीलदार कोर्ट पहुचकर धारा 34 से सम्बधित पत्रावलियो का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बिजली पानी की अव्यवस्था समेत कई बिदुओ पर नाराजगी जताई और फाइलो को समय से दर्ज करने और रखरखाव के लिए हिदायत दिया। इस दौरान मातहतों की सांसे अटकी रही। निरीक्षण के उपरात अधिवक्ता वेल फेयर एसोशिएशन के पदाधिकारियो ने तहसील करछना में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता को लेकर नौ सूत्रीय मांग पत्र सौपा। जिसमें बताया गया कि तहसीलदार न्यायालय में धारा 34 की पत्रावलियो का दायरा रजिस्टर में समय से दर्ज नहीं किया जाता। लेखपाल हस्तातरण रिपोर्ट भेजने के पश्चात पत्रावालिया लेखपाल के पास पडी रहती है। जिससे नामांतरण कार्यवाही मे देरी होती है। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) धारा 38 का निस्तारण में कई वर्ष लग जाते हैं। धारा 24 की पत्रावलिया बगैर वाद संख्या के राजस्व निरीक्षक के पास भेज दी जाती है। जिससे सीमांकन पडताल में कई वर्ष लग जाते है। विवादित पत्रावलियो का नामांतरण आदेश कई महीनो तक नही किया जाता। भ्रष्टाचार के चलते न्यायालयो से पत्रावलिया गायब करा दी जाती है। जिससे मामलो का निस्तारण समय से नही हो पाता। राजस्व अभिलेखागार में मुआयना करने हेतु समय निर्धारित नही है। जिससे वाजदकारियो और अधिवक्ताओ को इन्तजार करना पडता है। नामांतरण रिपोर्ट हेतु लेखपाल सुविधा शुल्क के लिए कई माह तक पत्रावलिया साथ लेकर घूमते रहते है। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक तहसील में निर्धारित तिथियो में निर्धारित स्थान पर नहीं मिलते हैं। भू माफियाओं से मिलकर भू स्वामियों का हित प्रभावित करते हैं। अधिवक्ताओं की मांगो पर मंडलायुक्त ने सभी समस्याओं के यथाशीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। अपर आयुक्त एसपी श्रीवास्तव ने भी आरेक दफ्तर और एसडीएम कोर्ट और सम्बधित पटलो का मुआयना किया।

स्वास्थ्य अधिकारियों की लापरवाही



### लाखों की लागत से बना उप स्वास्थ्य केंद्र आज तक पड़ा है बंद

**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र में एक तरफ केंद्र एवं प्रदेश सरकार ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। वहीं जिले के जिम्मेदार इसको लेकर बेपरवाह हैं। लाखों की लागत से बना उप स्वास्थ्य उपकेंद्र आज जर्जर हो चुके हैं जो निर्माण पूरा होने के बाद आज तक नहीं संचालित हो पाये। इन केंद्रों में झाड़ियां तक उग चुकी हैं। अगर स्वास्थ्य सुविधा की बात करें तो एएनएम आती है तो टीकाकरण का कार्य पास में ही बने आंगनवाड़ी केन्द पर होता है। उरुवा ब्लाक के अमिलिया कलां में लाखों के लागत से बना उप स्वास्थ्य केंद्र मुंह चिढ़ा रहा है। कई वर्षों से बंद है। ग्रामीण बताते हैं कि इसका निर्माण मुलायम सिंह यादव के शासन काल में हुआ था। जबकि भवन बनने के बाद भी कोई नर्स या डॉक्टर इस स्वास्थ्य केंद्र में नहीं पहुंचे। आलम यह है कि इस गांव के लोग स्वास्थ्य से जुड़ी को समस्या लेकर गांव से कोसो दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर या मेजा जाना पड़ता है। जबकि कोरोना काल में यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने विभागीय अधिकारियों को सभी उप स्वास्थ्य केंद्र नियमित रूप से चालू कराने के निर्देश दिया था।

## न्यूज झरोखा

### वारी में जल निगम की पाइप टूटने से सड़क पर बह रहा है पानी



**जंघई।** वारी में श्वेता नर्सिंग होम के पास जल निगम की पाइप लाइन टूटने से लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। पाइप लाइन का सारा पानी सड़क पर बह रहा है जिसके कारण लोग फिसलकर चुटहिल हो रहे हैं। वारी गांव निवासी ज्ञान सिंह ने बताया कि एक महीने से जल निगम की पाइप टूटी हुई है कई बार जल निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टूटी पाइप की मरम्मत हेतु कहा गया लेकिन अभी तक मरम्मत नहीं हुई है। 1076 नंबर पर फोन करके शिकायत दर्ज करवाया एवं जेई से बात किया लेकिन टूटी फूटी पाइप लाइन की मरम्मत नहीं हो रही। पानी की सप्लाई होने पर पानी सड़कों पर फैल जाता है लोग फिसलकर गिरकर चुटहिल हो रहे हैं आवागमन बाधित हो रहा है इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पाइप लाइन की मरम्मत नहीं हो रही है। वारी गांव के निवासी डॉ मनोज कुमार पांडेय, अशोक पांडेय, अतिबल सिंह, मिथिलेश कुमार, मोतीलाल गौड़, रामराज चौहान, राजकुमार स्वर्णकार आदि लोगों ने पाईप लाईन की मरम्मत अतिशीघ्र कराने की मांग की है।

### दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद



**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के भटौती तिराहे पर टायर की दुकान से अज्ञात चोर ने दुकान के बाहर खड़ी बाइक को पार कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के भटौती गांव निवासी मोहम्मद अलीम पुत्र स्वर्गीय मंजूर अहमद अपनी आजीविका चलाने के लिए भटौती तिराहे पर ही टायर की दुकान खोल रखी है। 21 जून की रात अलीम अपनी बाइक खड़ी कर दुकान के बाहर ही सो गया। देर रात्रि अज्ञात चोर ने दुकान पर खड़ी बाइक को पार कर दिया घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। भुक्तभोगी ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व 13 जून की रात को अज्ञात चोर के द्वारा तकिए के नीचे रखे ?5000 को पार कर दिया गया था। जिसकी शिकायत भुक्तभोगी ने मेजा थाने पर किया था एक मामले का खुलासा हुआ भी नहीं था कि चोरों ने दूसरी चोट देते हुए दुकान के बाहर खड़ी सुपर स्प्लेंडर बाइक को पार कर दिया। जिसे लेकर स्थानीय बाजार वासियों में दहशत है।घटाना को लेकर लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। फिलहाल भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### अपना दल एस की बैठक में कार्यकताओं ने बनाई रणनीति




**रत्योरा।** अपना दल एस विधान सभा कोरांव की बैठक चिकित्सा मंच के जिलाध्यक्ष डा हरिश्चंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दो जुलाई को अपना दल एस के संस्थापक डॉ सोने लाल पटेल के जन्म समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान भारी संख्या में कार्यकताओं को पहुंचने की बात कही गई। जिलाध्यक्ष डॉ हरिश्चंद्र पटेल ने कार्यकर्ता जोश व उर्जा भरते हुए कहा हम सब भारी संख्या में लखनऊ पहुंचेगे और जन्मदिन समारोह को सफल बनाएंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष लाल शास्त्री पटेल, विधानसभा अध्यक्ष फूलचंद सिंह पटेल, अनिल कुमार सिंह उर्फ कमलाकर पटेल विधानसभा अध्यक्ष युवा मंच, आशीष पटेल, आशीष यादव, विजय भाई पटेल, श्याम बाबू चौहान, शेर बहादुर, राजेश वर्मा, राजेश कुशवाहा, राकेश आदि लोग मौजूद रहे।

### जैविक खेती के बारे में क्षेत्रीय किसानों को किया जागरुक



**लालापुर।** आधुनिक समय में किसानों द्वारा यूरिया, डाई, पोटास एवम भारी मात्रा में कीटनाशको के प्रयोग से वातावरण को नुकसान पहुंचा है वहीं पौधों एवम व्यक्तियों को हानि पहुंचा रहा है। उक्त बातें परसरा फॉर्मर प्रोड्यूसर के डायरेक्टर सतेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर किसानों की चौपाल में जैविक खेती के लिए जागरुक कर रही पंख संस्था के ट्रेनर अजीत केलकर एवम रवि केलकर ने बताई। उन्होंने बताया कि रासायनिक खेती मिट्टी के सूक्ष्म जीवों को मार देती जिससे पौधों को लाभ पहुंचाने वाला जीवाणु खत्म हो जाते है। जो अनाज पैदा होता होता है इससे व्यक्तियों के खाने से कीटनाशक शरीर में पहुंच जाने से कई भयानक बीमारियां उत्तपन्न हो जाती हैं, आज के समय में डायबिटीज, कैंसर, चर्म रोग, अलर्जी आदि कई भयानक बिमारियां अपना पैर पसार रही हैं जिनका मुख्य कारण बजार आधारित खेती एवम भारी मात्रा में रसायनों का प्रयोग। उन्होंने बताया की किसान मित्र कहे जाने वाले केचुए भी खत्म होते जा रहे है। किसानों को जल्द से जल्द जैविक खेती की तरफ मुड़ना चाहिए। ढैंचा, गोबर खाद, मुर्गी खाद, केंचुए का प्रयोग आदि के प्रयोग से ज्यादा उत्पादन होगा एवम बीमारियां भी दूर रहेंगी। खेतों के मेड़ पर गेंदे के फूल एवम सूर्य मुखी के पौधे लगाने से हानिकारक जीव दूर रहते हैं। बीज को शोधित करने के लिए एक मटके में 1 किलो ताजा गोबर, 1 किलो गाय का मूत्र, आधा किलो मेड़ पर की मिट्टी, 25 ग्राम चूना ,100 ग्राम दूध,4 लीटर पानी को मिलाकर घोल बनाना है, और इसको सूती कपड़े से बंद कर के दो दिनों के लिए रख देना है । इसी घोल से बीजों का उपचार, एवम धान की नर्सरी को रोपते समय इस घोल को डालने से पौधा स्वस्थ रहेगा और उत्पादन में वृद्धि होगी और कोई रोग भी नहीं लगेगा। इसे सभी प्रकार के बीजों का टीकाकरण भी कहा जा सकता है। इस अवसर पर आई टी सी के मनोज गुप्ता, अक्षय त्यागी, शुशील सिंह,पंख संस्था की डायरेक्टर आरती थापा, रजत शर्मा, प्रेम कुमार एवम आशुतोष सिंह, अखिलेश मिश्रा, मिथिलेश यादव, तेजपाल पटेल, जयनारायण यादव, विजय, तेजप्रताप सिंह, शिवाजी मिश्रा, विमल मिश्रा, संभूनाथ दुबे, राजबहादुर सिंह अशोक कुमार तिवारी आदि किसान उपस्थित रहे।



## सहसों में मनाया गया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी की मंडल सहसों में शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के विचारों को रखते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पण कर दिया। उन्होंने कश्मीर के संबंध में एक विधान एक निशान की विचारधारा को लेकर कश्मीर में कार्यकताओं के साथ पैदल मार्च किया । एक देश में दो निशान दो विधान नहीं चलेगा। इस अभियान में अपने प्राणों की आहुति दे दी जिसका परिणाम यह हुआ कि कश्मीर से वीजा प्रणाली समाप्त हो गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से अच्छे लाल गुप्ता, पवन कुमार शुक्ल, पुष्कर सिंह पटेल, राघवेंद्र सिंह पटेल, प्रमोद भारतीया, भूपेंद्र मिश्रा, जयेश केसरवानी सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चार बच्चों की मां गांव के एक प्रेमी के साथ हुई फरार

#### प्रेमी सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**लेडियारी।** कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हंडिया की एक चार बच्चों की मां गांव के एक प्रेमी युगल के साथ लगभग बीस दिन से बच्चों सहित गायब हो गई है ।पति कई हफ्ते इन्तजार करता रहा, घर वापस न आने पर घर के अन्दर बक्से का ताला तोड़ने पर पता चला की एक भी जेवरात नही हैं ,एवं पचास हजार रुपए भी बक्से से गायब हैं। बाद मे बड़ौदा बैंक शाखा लेडियारी जा कर पास बुक चेक कराया तो चालीस हजार रुपए में चौदह सौ रुपए शेष बचे हुए थे । इस पर क्षेत्रीय प्रबंधक को प्रार्थना पत्र देकर खाते को बन्द कराया। पति बड़ोखर चौंकी का चक्कर लगाता रहा लेकिन मुकदमा दर्ज करने की दूर पुलिस जांच करने को भी तैयार नहीं हुई ।पति मंगला प्रसाद ने कमिश्नरेट प्रयागराज पहुंच कर गुहार लगाई तो मुकदमा दर्ज करने का आदेश हुआ। थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने संग्यान में लेते हुए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अब महिला बच्चों एवं एवं प्रेमी की तलाश करने की बात कह रहे हैं।

# डीपीओ के सामने मारपीट करने वाले प्रधान पति समेत पांच पर दर्ज हुआ मुकदमा

## जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच के लिए पहाड़ी कला पहुंचे थे डीपीओ, जांच के दौरान ही शिकायतकर्ता पर हुआ था हमला

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ की ग्राम पंचायत पहाड़ी कला के विकास कार्यों की जांच करने आए डीपीओ के समक्ष शिकायतकर्ता पर हुए हमले के मामले में केस दर्ज किया गया है। शंकरगढ़ पुलिस ने वादी की तहरीर पर प्रधानपति धर्मेंद्र सिंह, प्रधानपति के भाई नारेंद्र सिंह, प्रधानपुत्र पार्थ सिंह, वीरेंद्र सिंह और लाल प्रताप सिंह के खिलाफ शंकरगढ़ पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्रधानपति, प्रधानपुत्र समेत सभी पांच आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 308, 323, 504, 506 के तहत मामला लिखा गया है। मामले की तहरीर देते हुए पहाड़ी कला के रहने वाले प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उसने गांव के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत की थी। मामले में जिला प्रशासन के द्वारा जांच में देरी की जा रही थी। जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद जांच नहीं हो पा रही थी। इस पर उसने हाईकोर्ट के शरण ली थी। हाईकोर्ट के आदेश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम 22 जून की शाम पहाड़ी कला में जांच के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान जांच टीम के द्वारा ग्राम पंचायत पहाड़ी कला के मजरा बसदेहा में मनरेगा के तहत बनवाए गए पार्क का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने एक राय होकर पहले विवाद शुरू किया और लाठी-डंडे और लात-घूंसे से हमला बोल दिया। जिसमें प्रवीण सिंह बेहोश होकर गिर पड़े। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे प्रवीण सिंह के चाचा आत्माप्रसाद सिंह को भी मारा पीटा गया। हालांकि स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। इसी हमले में आत्मा प्रसाद का मोबाइल और पर्स भी गायब हो गया। फिलहाल, शंकरगढ़ पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। अब देखना यह है कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार उजागर होता है या नहीं।

# सपा महिला सभा ने पदाधिकारियों का किया मनोनयन

## पार्टी द्वारा दिए गए दायित्वों का करूंगी निर्वहन सुमन कोल

अखंड भारत संदेश







**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर समाजवादी पार्टी की महिला सभा की जिला अध्यक्ष सत्यभामा मिश्रा के द्वारा सुमन कोल को विधानसभा अध्यक्ष कोरांव रंजना जैसल ब्लॉक अध्यक्ष और सीमा अंसारी को नगर अध्यक्ष महिला सभा बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारियों में खुशी की लहर व्याप्त है जैसे ही पदाधिकारियों के मनोनयन की सूची जारी हुई वैसे ही पार्टी जनों के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया इस मौके पर विधानसभा कोरांव प्रत्याशी के तौर पर पूर्व आवेदिका सुमन कोल ने अपने मनोनयन पर कहा कि जिस तरह से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने हमारे संघर्ष को देखते हुए विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी है हम पूरी तरह विश्वास दिलाते हैं कि पार्टी को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयत्न करेंगे और आगामी होने वाले लोकसभा के चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को चुनाव जिताने का कार्य करेंगे। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से संदीप पटेल विधायक मेजा रामदेव निडर कोल पूर्व प्रत्याशी सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष मेहताब खान नगर अध्यक्ष रविंद्र जैसल प्रधान पवन सोनकर राजेश पांडे प्रमोद मिश्र पयासी लालजी पाल निराला अश्वनी पटेल हरिप्रसाद पाल यादवेंद्र अहीर अखंड प्रताप भास्कर गुलफाम खान रामानुज यादव शहादत अली इसराइल अली अखिलेश यादव रोहिणी प्रसाद पाल मंगल देव कोल आदि लोग उपस्थित रहे।

### 1 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत गोल चौराहा सहसों के पास भांग की दुकान पर पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात लगभग 9 बजे मुखबिर की सूचना पर सहसों पुलिस चौकी प्रभारी दयाराम अपनी टीम के साथ गोल चौराहे के पास स्थित भांग की दुकान पर तलाशी के दौरान 1 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए सहसों के इनायतपुर मौजा निवासी रामबाबू भारतीया पुत्र स्वर्गीय प्यारेलाल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

# सरकारी नौकरी वालों को बांटा आवास एडीओ व वीडीओ समेत चार नामजद

अखंड भारत संदेश

### सरकारी नौकरी वालों को बांटा आवास, एडीओ और वीडीओ समेत चार नामजद

**शंकरगढ़।** तमाम प्रयासों के बावजूद सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने के लिए बीच की कड़ी के रूप में काम करने वाले जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी भी इसमें सबसे बड़े रोड़ा साबित हो रहे हैं। इसीतरह के एक मामले में चार लोगों के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। मामला अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ देने का है। जानकारी के मुताबिक विकास खंड शंकरगढ़ के नौढ़िया उपरहार गांव में अपात्रों को आवासीय सुविधा का लाभ दिया गया था। मामले में नौढ़िया उपरहार के रहने वाले शैलेंद्र सिंह ने गांव में अपात्रों को आवास का लाभ देने की शिकायत की थी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जब मामले की जांच करवाई गई तो मामला सही पाया गया। जांच में पता चला कि सरकारी नौकरी करने वालों को भी प्रधानमंत्री आवासीय सुविधा का लाभ दिया गया। यही नहीं, आवास की फर्जी फोटो भी वेबसाइट पर अपलोड की गई। जांच में भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद जिला स्तरीय अधिकारियों की तरफ से बीडीओ शंकरगढ़ को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। बीडीओ शंकरगढ़ रामविलास राय ने इस मामले में शंकरगढ़ पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर सहायक विकास अधिकारी लल्लन प्रसाद, वीडीओ पंकज सिंह व मनोज कुमार, बोरिंग टेक्नीशियन बृजेश सिंह के खिलाफ धारा 419, 420 के तहत केस दर्ज किया गया है। बताते चलें कि इस प्रकरण में कुछ जिम्मेदारों के खिलाफ निलंबन की भी कार्यवाही की गई है।

# निजी अस्पतालों में लापरवाही से जा रही मरीजों की जान

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चलने वाले निजीअस्पतालों में लापरवाही से मरीजों की जान चली जा रही है । अस्पताल संचालक मरीजों की तीमारदारों से मिल सौदेबाजी कर काम तमाम करने में जुटे हुए हैं लोगों की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन अस्पतालों की जांच कर सील कर दिया गया लेकिन धन की लालची अस्पताल संचालक गलत काम से पीछे नहीं हट रहे हैं सूत्रों की मानें तो क्षेत्र के एक गांव की प्रसव पीड़िता 2 दिन पहले मेजा खास बाजार की एक निजी अस्पताल में भर्ती हो गई अस्पताल के नौसिखिया कथित सर्जन ने धन बचाने के चक्कर में महिला का ऑपरेशन कर दिया खून का अत्यधिक रिसाव हो जाने से महिला की स्थिति दिनोंदिन खराब होती गई अस्पताल संचालक हालत खराब देख महिला मरी को अपने दूसरे अस्पताल पहुंच डीके सर का तारा में भेज दिया इलाज के दौरान इस महिला ने दम तोड़ दिया महिला की मौत से दुखी परिजनों ने जमकर हंगामा किया लेकिन कुछ लोगों ने की समझाने बुझाने पर परिजन मान गए महिला के शव लेकर घर चले गए यह तो एक नमूना है। इस प्रकार की कई घटनाएं क्षेत्र के प्राइवेट अस्पतालों में होती रहती हैं क्योंकि सर्जन शहर से बुलाए जाते हैं। जिन्हें पहुंचने में अधिक समय लगता है इसलिए नौसिखिया डॉक्टर खुद बड़ा उठा लेते हैं । लोगों की शिकायत पर कुछ दिन पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम रामनगर बाजार के चिरैया मोड़ सहित विभिन्न प्राइवेट अस्पतालों को सीज कर रखा था फिर भी धान के लालची अस्पताल संचालक अपने गलत कामों से बाज नहीं आ रहे हैं । सूत्रों की मानें तो इस अस्पताल संचालकों को स्थानीय दबंगों का साथ मिलता है। जिसे प्राइवेट अस्पताल लेने से पीछे नहीं हट रहे हैं।

# भगवान श्रीकृष्ण का मनाया गया जन्मोत्सव

अखंड भारत संदेश

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का चौथा दिन



**जारी।** कौंधियारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथाकार कुलगुरू डॉ ध्रुव नारायण मिश्र ने कथा का सार बताया।श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव की झांकी निकलते ही श्रद्धालु पुष्प की वर्षा करने लगे। पूरे पंडाल को गुब्बारों से सजाया गया था जन्मोत्सव में संगीतकार के सोहर भजन पर श्रोता खूब झूमे। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों तथा नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की जयघोष से वातावरण गूंजमान हो उठा। कथा ब्यास कुलगुरू डॉ गुरु ध्रुव नारायण मिश्र ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मथुरा में राजा कंस के अत्याचार से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रूप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म व प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। और उन्होंने कहा कि कथा का सुनना तभी सार्थक होगा, जब उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे। प्रति दिन कथा श्रवण के लिए डॉ मणिशंकर द्विवेदी, बाल्मिकी मिश्र, राजेंद्र प्रसाद मिश्र,राम शिरोमणि मिश्र, गीता गुरु सहित भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जहां हजारों की संख्या में भक्तो की कथा पंडाल में भारी भीड़ रही । जहां पांडाल में भक्तगण भक्ति रस संगीतमय कथा में झूम रहे थे। और भागवत आरती के बाद प्रसाद वितरण किए गए। आयोजक अभिमन्यु सिंह ने श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### खबर संक्षेप

## गंगा में डूबे किशोर का मिला शव

**झूंसी।** गंगा नहाने के दौरान डूबे फैजू का शव शुक्रवार की सुबह छतनाग के गगेश्वर घाट के पास मिला। स्थानीय पुलिस के साथ जल पुलिस जाल डाल कर शुक्रवार सुबह से ही छतनाग घाट से नीबी तक गंगा में डूबे फैजू की तलाश कर रही थी। घंटो मशक्कत के बाद फैजू का शव खोज निकाला। वही घाट पर मौजूद किशोर के परिजन शव देख फफक पड़े। घर वालो का रो रो कर बुरा हाल है। गुरुवार को फैजू अपने दोस्त अब्दुल अहमद, अल्फाज के साथ गंगा नहाने गया था। नहाने के दौरान तीनो गंगा में तेज बहाव की वजह से डूबने लगे थे। दो को बचा लिया गया था। फैजू डूब गया था। वही पुलिस शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज रही थी पर परिजन पीएम नही करना चाह रहे थे। तो पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर परिजनों को दे दिया।

# नैनी में एसटीएफ ने पकड़ा नकली नोटों का सप्लायर

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में 25 हजार के इनामी विश्वजीत सरकार को गिरफ्तार कर लिया प्रयागराज एसटीएफ ने बृहस्पतिवार को नैनी छिवकी स्टेशन के बाहर छिवकी रोड से एक जाली मुद्रा सप्लायर को गिरफ्तार किया। जिसके पास से 3.40 लाख रुपए बरामद किए गए। 25 हजार रुपए के इनामिया तस्कर पश्चषेम बंगाल का रहने वाला है। उसके गिरोह के बारे में अभी एसटीएफ पूछताछ कर रही है। एसटीएफ के एसीपी नावेंदु सिंह ने बताया कि 22 जून को इंस्पेक्टर अनिल सिंह, एसआई वेद प्रकाश पांडे, हेड कांस्टेबल अजय सिंह यादव, प्रभंजन पांडे, पंकज तिवारी, कांस्टेबल किशनचंद की टीम ने नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन के बाहर मुखबिर की सटीक सूचना पर विश्वजीत सरकार पुत्र गेंदू सरकार निवासी जयनपुर, वैष्णों नगर, मालदा, पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक आधारकार्ड, एक एंड्रॉयड मोबाइल और 1020 नकद बरामद किए। पूछताछ में पता चला कि वह नकली नोटों का कारोबारी है। उस पर 25,000 का इनाम घोषित था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। उसके पास से 03.40 लाख रुपए नकली नोट बरामद किए गए हैं एसटीएफ के मुताबिक यह रुपए वह देने के लिए प्रयागराज आया था। पूछताछ में विश्वजीत ने बताया कि बरामद जाली नोट सुभाष मेंडल द्वारा उसके माध्यम से मदनलाल व बबलू चौरसिया को मालदा में दिया गया था मदनलाल व बबलू चौरसिया नकली नोटों के माफिया अच्छेलाल चौरसिया के करीबी हैं, जो उनके कहने पर सुभाष मंडल से भारतीय जाली मुद्रा लेने मालदा पश्चिम बंगाल गए थे। जहां से 3.40 लाखव के 2000 रुपए के नोट जो नकली थे, सुभाष मंडल व विश्जीत सरकार से लिए थे।

**नैनी कोतवाली में उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई**




सुभाष मंडल और विश्वजीत सरकार लगातार फरार चल रहे थे विश्वजीत सरकार 25, हजार का इनाम घोषित था यमुनानगर कमिश्नरेट प्रयागराज की ओर से 9 फरवरी 2023 को दोनों के खिलाफ 25 -25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। वर्ष 2019 में भी एसटीएफ की टीम ने सुभाष मंडल व विश्वृजीत सरकार सहित पांच लोगों को 2.42 लाख रुपए के भारतीय जाली मुद्रा के साथ सिविल लाइन से गिरफ्तार किया था विश्वजीत सरकार ने पूछताछ करने पर बताया कि 9 अगस्त 2022 को सुभाष मंडल के कहने पर उसने अच्छेलाल चौरसिया द्वारा भेजे गए मदनलाल व बलू चौरिसिया को 3.40 लाख रुपए की भारतीय जाली मुद्रा दी थी। इससे पहले भी वह भारतीय जाली मुद्रा का काम करने वाले पश्चिम बंगाल के नकली नोट के माफिया दीपक मंडल, उसके रिश्तेदार व सहयोगी सुभाष मंडल के साथ मिलकर अवैध नकली नोटों का कारोबार करता रहा। आज की गिरफ्तारी के बाद नैनी कोतवाली में उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई।

## नगरवार में जमुना नदी के सीने से चीर के निकाला जा रहा लाल सोना

**लालापुर।** तीस जून को यमुना के वैध घाटों पर चल रहा खनन बंद हो जाएगा। इसे देखते हुए खनन पट्टेदारों द्वारा जोर शोर से अवैध खनन की सीमा पार करते हुए नाव के सहारे भारी मात्रा में खनन किया जा रहा है । अवैध खनन की गई बालू को खनन माफिया अपने सुरक्षित स्थानों पर डंप भी करने में लगे हुए हैं। लालापुर थाना क्षेत्र के नगरवार आदि के घाटों पर नियम और कानून की धज्जियां उड़ाते हुए खनन माफिया धड़ल्ले से जेसीबी व नदी के मध्य धारा से नाव के माध्यमों से अवैध बालू की निकासी कर रहे हैं। जबकि एनजीटी ने नदी की धारा से बालू निकालने के लिए सख्ती से मनाही की है।

**नगरवार घाट पर नाव से सेमरी नौढिया घाट से आती है मोटी बालू** : क्षेत्र के नगरवार घाट पर सैकड़ो नाव सेमरी व नौढिया घाट से मोटी बालू निकाल कर ले आते है । जो बिल्कुल नियम विरुध्द है लेकिन खनन माफियाओं के लिए नियम और कानून कोई मायने नहीं रखता। अवैध बालू डंप करने में जोर शोर से लगे बालू माफिया 30 जून से खनन के पट्टे के अवधि समाप्त हो जाएगी। इसे लेकर खनन माफिया अवैध रूप से अपने अपने सुरक्षित स्थानों पर डंप करने में लगे हैं। बारिश के महीने में बालू निकासी बंद होने के चलते इस बालू को मंहगे भाव मे खरीददारों को बेचा जाएगा।



## काशी विद्यापीठ में डॉ रमेश चंद्रा को मिला सम्मान

**नैनी।** नैनी डांडी के निवासी डॉ रमेश चंद्र को काशी विश्वनाथ की नगरी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय वाराणसी में 40 वें अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के महाधिवेशन सेमिनार में परिषद् के क्षेत्रीय सचिव योगाचार्य एवं वरिष्ठ आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डा. रमेश चंद्रा ने थायराइड ग्रन्थि के असंतुलन पर अपना रिसर्च पेपर पढ़ा और बताया की किस प्रकार हम थायराइड नामक बीमारी से योग और प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा बच सकते हैं। उनके उद्बोधन पर अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ शंकर कुमार सान्याल उनकी पत्नी शिखा सान्याल एवं काशी विद्यापीठ के योग प्राकृतिक चिकित्सा के प्रोफेसर डॉ संजय सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आज के समय में यह बीमारी हमारे गलत खानपान और गलत रहन-सहन की वजह से हो रहा है जिसमें महिलाएं पहले ग्रसित थी अब तो पुरुष भी इससे ग्रसित होने लगे हैं। इसके असंतुलन से मनुष्य शारीरिक और मानसिक रुप से बीमार हो जाता है। पुरी अंतः स्त्रावी ग्रंथि प्रणाली असंतुलित हो जाती है। इस बीमारी को ठीक करने के लिए उन्होंने सूर्य नमस्कार ,गर्दन के कुछ व्यायाम, आसन एवं उज्जाई प्राणायाम करने पर विशेष बल दिया। यदि हम उज्जाई प्राणायाम को त्रिबंध के साथ मूलबंध, उड़ियान, जालंधर बंध लगाते हुए करें, तो हम कुछ ही समय में इस बीमारी से मुक्ति पा सकते हैं। इसी के साथ,सोंठ, काली मिर्च और पीपर जिसको त्रिकुट कहते हैं एक चुटकी शहद के साथ सुबह खाली पेट लेने से भी इस बीमारी से मुक्ति पा सकते हैं इस अवसर पर काशी विद्यापीठ का पूरा परिवार , तमाम वक्ता गण एवं देशभर से आए लगभग 300 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# पथरीले क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिए मंत्री से मिला मिशन का प्रतिनिधि मण्डल

अखंड भारत संदेश

**करछना।** यमुनापार में बारा,शंकरगढ़ क्षेत्र के गांवों में सिंचाई सुविधा को लेकर बीते 50 वर्ष पूर्व बहुगुणा जी के कार्यकाल में पंडुंआ में कमलापम्प प्रखण्ड नहर का निर्माण कराकर लगभग दर्जन भर माइनरों द्वारा कई गांव के किसानों को सिंचाई का पानी मुहैया कराया गया किंतु अभी भी पथरीले क्षेत्र के बहुत से गांव नहर के अभाव में सिंचाई सुविधा से वंचित हैं। इसे लेकर जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय की अगुवाई में मिशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से सर्किट हाउस में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपते हुए सिंचाई की सुविधा की मांग की। मांग पत्र के मुताबिक भोंडी. पंम्प हाउस से लगभग 20 किलोमीटर तक विस्तारित नहर से कई गांवों की सिंचाई तो जरूर होती है किंतु अभी भी कपारी, जोरवट, वैसा, मलापुर, अमिलहाई, शिवराजपुर, टकटई, शंकरगढ़, लखनपुर, बरगडी, गुल्हैया, भैंसहाई, गढ़वा, गाढ़ा, कटरा, छिपिया, लेदर, मौहरिया, बिहरिया, आमगोदर समेत कई गांव में नहर की सुविधा न होने से सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है और आम जनजीवन के साथ पशु पक्षियों में भी बेहाली है। लोगों ने कहा कि यदि करिया रजवाहा से जोड़कर आगे की ओर लगभग 15 किलोमीटर नहर विस्तारित कर दी जाए तो छूटे हुए गांवों तक भी सिंचाई का पानी उपलब्ध हो जाएगा और किसानों के खेतों में नई जान पैदा होने के साथ-साथ पैदावार बढ़ने से मायूष लोगों की खुशहाली लौट आएगी। इसके लिए नई नहर के पीडीआर बनवाने की मांग करते हुए मिशन के लोगों को सिंचाई मंत्री ने आश्वस्त किया और मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही सार्थक पहल करने की बात कही। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश शुक्ला सिरसा नगर पंचायत अध्यक्ष कमल केसरी के अलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

**पीडीआर बनवाकर नई नहर का निर्माण कर वंचित गांवों को जोड़ने की लगाई गुहार**



## नियमों को ताक पर रख संचालित हो रही आरा मशीनें

**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर आरा मशीनें संचालित हो रही हैं। अधिकांशतः आरा मशीन संचालकों के पास न लाइसेंस है और न ही परमिट फिर भी लकड़ियों की कटाई व चिरागी का कार्य बेधड़क जारी है। अवैध आरा मशीन संचालकों के द्वारा आरक्षित वनों को भी भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी है कि उन्हें सिर्फ अपने माहवारी सुविधा शुल्क से मतलब है। आरक्षित वन एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से उनका कोई वास्ता सरोकार नहीं दिख रहा है। कोरांव बाजार सहित क्षेत्र के भोगन, सिकरो पांडेय का मड़हा, खीरी, लेडियारी समेत कई स्थानों पर नियमों को ताक पर रख बेधड़क आरा मशीनें संचालित हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों पर कार्रवाई की मांग की है। कोरांव क्षेत्र में तकरीबन दो दर्जन से अधिक आरा मशीने संचालित हैं। इस संदर्भ में क्षेत्रीय वन अधिकारी कोरांव दिनेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कुल कितनी आरा मशीनें संचालित हैं इसकी जानकारी अभी नहीं दे सकूंगा। फिलहाल चार आरा मशीनों का इस वर्ष नवीनीकरण हुआ है। जिनमें तीन कोरांव बाजार में है तो एक किस जगह के आरा मशीन का नवीनीकरण हुआ है इसकी भी जानकारी क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा नहीं दी जा सकी। कोरांव क्षेत्र में संचालित 2 दर्जन से अधिक आरा मशीनें संचालित हैं जिनमें नवीनीकरण महज चार का हुआ है। इस संदर्भ में एसडीएम कोरांव सुदामा वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों की जांच कराकर उन पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# दूसरी बार शिवमोहन मौर्य कोआपरेटिव बैंक के निर्विरोध हुए अध्यक्ष, समर्थकों में खुशी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** समाज सेवा के क्षेत्र में शिवमोहन मौर्या का नाम सबसे ऊपर आता है। इसी के कारण से कई बार ग्राम पंचायत की जनता से इन्हे ग्राम प्रधान भी बनाया। ग्राम प्रधान के बाद जिला पंचायत सदस्य भी रहे। भाजपा से जिला उपाध्यक्ष भी है। पूर्व में इसी सीट पर भाजपा नेता अमरनाथ मौर्य अध्यक्ष हुए लेकिन उनके सपा में जाते ही भाजपा ने भूपेंद्र पटेल को कार्यवाहक बनाया उसके बाद चुनाव हुआ जिसमे भाजपा से शिवमोहन मौर्य अध्यक्ष बन गए लेकिन यह कार्यकाल कुछ ही माह के लिए था। 18 जून में फिर से चुनाव हुआ जिसमे सभी डायरेक्टर निर्विरोध हुए। आज अध्यक्ष पद पर शिवमोहन मौर्य फिर से अपनी उसी कुर्सी पर निर्विरोध विराजमान हो गए। शिवमोहन मौर्य के दुबारा अध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई ।18 जून को इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड इलाहाबाद की प्रबंध समिति के 12 सदस्यों का चुनाव बैंक परिसर में राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुआ । चुनाव के लिए बैंक मुख्यालय पर व्यवस्था की गई थी । निर्वाचन अधिकारी रमेश मौर्या अपर नगर मजिस्ट्रेट की देख रेख में हुआ । प्रबंध समिति के लिए चयनित 12 सदस्यों द्वारा बैंक के सभापति और प्रदेश की शीर्ष सहकारी संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया जिसके द्वारा शिवमोहन मौर्या पुनः निर्विरोध बैंक के सभपति निर्वाचित हुए क इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के लिए भी शिवमोहन मौर्या, देवेंद्र मणि मिश्रा एवं भानु प्रताप उत्तर प्रदेश सहकारी फेडरेशन के लिए धर्मदास कुशवाहा ,ज्ञान बाबू केसरवानी , देवेंद्र प्रताप सिंह , ओम नारायण , प्रेम कुमार सिंह , अनिल कुमार एवं लखन लाल विभिन्न शीर्ष सहकारी संस्थाओं हेतु निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गए क चुनाव में गुरु प्रसाद मौर्या विधायक फाफामऊ, नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी, जिला पंचायत सदस्य रामनरेश पासी,आशीष पासी व जनपद प्रयागराज एवं कौशाम्बी के हजारों शुभचिंतक उपस्थित रहे।



# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए मिशन शक्ति के अंतर्गत शुक्रवार को घाटम पुर पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महिलाओ को महिला पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूक किया गया। आरक्षी बंदना पटेल ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090 व 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दे सकती हैं। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। उपनिरीक्षक महेश चंद निशाद ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर 112, 1090, 1076, 1073 अन्य नंबर जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर छात्रा या महिला छेड़छाड़ या किसी तरह की मुश्किल होने पर शिकायत कर सकती है। शिकायतकर्ता अगर चाहे तो उसका नाम गुप्त रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। महिला पुलिस वही हमेशा मौजूद रहती हैं। उपनिरीक्षक अनिकेत सिंह व महिला आरक्षी सायमा बानो ने भी महिलाओ को जागरूक किया। उक्त अवसर प्रधान दिलीप भारतीय, शारदा प्रशाद, अंतिम यादव, अवध बहादुर, श्याम बहादुर,आशा गीता, आंगनवाड़ी रेखा, शशि कला, मीनाक्षी, सोनकली, महराजी आदि रहे।

**आधी आबादी की सुरक्षा व सम्मान को चलाया अभियान मुश्किल में हेल्पलाइन पर डायल करें, मिलेगी मदद**






## नेशनल ह्यूमन राइट कमीशन नई दिल्ली के स्पेसल मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल ने केंद्रीय कारागार नैनी का निरीक्षण किया

**नैनी।** नैनी केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में महिला बंदी एवम उनके साथ रहे बच्चो से संवाद के माध्यम से समस्या सुनी गई। मिली जानकरी के अनुसार नेशनल ह्यूमन राइट कमीशन नई दिल्ली के स्पेसल मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल ने केंद्रीय कारागार नैनी का निरीक्षण किया। कारागार में निरुद्ध महिला बंदी एवम उनके साथ रहे बच्चों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से उनकी समस्या सुनी एवम महत्वपूर्ण परामर्श दिया उनके द्वारा कारगर के अन्न भंडार एवम अन्य प्रकोष्ठों का भी निरीक्षण किया और बंदियों के लिये तैयार भोजन की जांच की गई। स्पेशल मॉनिटर कारागार की व्यवस्था से संतुष्ट रहे।

### मेजा ऊर्जा निगम

# ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक में शिक्षा जल-संरक्षण, पेय-जल व स्वास्थ्य पर जोर

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार की अध्यक्षता में मेजा ऊर्जा निगम में 16वीं ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विगत वर्षों में ऊर्जा निगम द्वारा अपने प्रभावित ग्रामों में किए गए सामुदायिक विकास कार्यों की समीक्षा की गयी तथा मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए सीएसआर कार्यों की रूपरेखा तैयार करने हेतु विचार विमर्श किया गया।सभा को संबोधित करते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने सामाजिक उत्थान हेतु मेजा ऊर्जा निगम द्वारा निर्गत विभिन्न कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में शिक्षा, जल-संरक्षण, पेय-जल वितरण तथा सामाजिक स्वास्थ्य की दिशा में कार्य करते रहने की सलाह दी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदार रंजन पाण्डु ने कहा कि ऊर्जा निगम केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में अपना सतत सहयोग प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। इस अवसर पर गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, प्रयागराज के प्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन तथा आवश्यकता मूल्यांकन सर्वेक्षण के नतीजों को सदन के साथ साझा किया गया। मेजा ऊर्जा निगम के प्रभावित ग्राम कोहड़ार, मई कलाँ, झड़ियाही, इसौटा, सलैया कलाँ, सलैया खुर्द तथा बिजौरा के प्रतिनिधियों ने भी अपने ग्राम पंचायतों की आवश्यकताओं पर सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मेजा अभिनव कनौजिया, तहसीलदार मेजा विशाल शर्मा, खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी नीरज श्रीवास्तव, उप पशु चिकित्साधिकारी डा पीके सिंह, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से सहायक अभियंता शरद शुक्ला तथा मेजा ऊर्जा निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।




## जनसंघ के चिंतक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर भाजपाइयों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**लालापुर।** जनसंघ के महान चिंतक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि लालापुर परी क्षेत्र में मनाई गई। भाजपाइयों ने मुखर्जी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की मनकामेश्वर मंडल की अध्यक्षा वंदना सिंह ने बताया कि 14 सेक्टर एवं सभी बूथों पर मुखर्जी जी की पुण्यतिथि बड़े धूमधाम से मनाई गई। जिला प्रतिनिधि प्रधान भटपुरा शंकर लाल पांडे ने बताया कि मुखर्जी जी अपना पूरा जीवन काल जनसंघ को समर्पित कर दिया आज भारत में जो भी क्रांति देखने को मिल रही है उसके पीछे इन महान आत्माओं का त्याग है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री कप्तान सिंह मंडल महामंत्री शैलेंद्र पांडे अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, पत्रकार बंधुओं में मंगला तिवारी , शंकर लाल पाण्डेय, दीपेंद्र मिश्रा,दीप चंद्र, आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने मनाई पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

**जसरा।** भाजपा जसरा मंडल के कार्यकताओं ने शुक्रवार को पंचायत भवन जसरा में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई। जहां विशेष रूप से मौजूद भाजपा जिला मंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी ने लोगों को संबोधित करते हुए पंडित जी के विचारों को कार्यकताओं के बीच रखा। मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने परम श्रद्धेय पंडित जी का नारा जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है जो कश्मीर हमारा है वह सारे का सारा है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री भूपेंद्र पाठक, अशोक तिवारी, राकेश पाठक, दीप चंद गुप्ता, आलोक पाठक, ग्राम प्रधान जसरा आशीष सोनकर, शंकर लाल गुप्ता, राहुल पाल, आकाश केसरवानी, रवि साहू, बच्चा मालवी, राम केसरवानी, वीरेंद्र पाठक, अरुण मालवीय, प्रवीण मालवीय, आलोक द्विवेदी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन प्रशिक्षण एवं जागरूकता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के रुदापुर स्थित जनता इंटर कॉलेज के परिसर में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, तथा लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी, रोजगार सेवक व सामाजिक सरोकार नागरिकों का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने बताया कि देश एवं प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में पाइप पेयजल योजना के माध्यम से हर घर में हर व्यक्ति को शुद्ध जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप हर घर को शुद्ध जल के लिए यह प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें हमारे ग्राम पंचायत से लेकर क्षेत्र पंचायत एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर क्षमता का संवर्धन किया जाना है। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त 45 ग्राम पंचायतों के साथ प्रमुख रूप से नरेन्द्र दूबे एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार चौरसिया, ग्राम प्रधान बाल गोविंद तिवारी, ग्राम प्रधान प्रदीप यादव, प्रताप बहादुर सिंह एवं सचिव राम बहादुर, राजेश कुमार सिंह, ललिता यादव, आसमा सिंह, शशि यादव, अश्विनी कुमार एवं प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू सहित आदि उपस्थित रहे।




प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करती प्रमुख गीता सिंह व अन्य।

## जल जीवन मिशन के तहत वार्ड सदस्य एवं लेखपाल किए गए प्रशिक्षित

**करछना।** विकास खंड के सभागार में आयोजित जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत मिशन को पूरी तरह से ग्रामीणों को इस योजना को लागू करने और उसे पूरी तरह धरातल पर घर घर जल योजना की आपूर्ति को लेकर ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी एवं प्रधान संघ के उपाध्यक्ष पुरैनी प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पाण्डेय ने प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में योजना अंतर्गत जानकारी दी इस मौके पर सूर्य प्रकाश निषादः जल जीवन मिशन " प्रशिक्षण में दो दिवसीय पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षित किये गये 18 ग्राम पंचायत के "ग्राम पंचायत सदस्य"मौके पर उपस्थित रहे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी और प्रधान संघ उपाध्यक्ष श्री सुरेश कुमार पाण्डेय, जल जीवन मिशन के अंतर्गत संस्था- मेरापथ एजुकेशन लिमिटेड नोएडा के ब्लॉक कोआर्डिनेटर श्री सूर्य प्रकाश निषाद , शिवा कांत द्विवेदी के द्वारा किया जा रहा है संस्था से लोग नारायण दुबे, अजीत कुमार, राकेश सिंह, प्रधान अमिलो कमला कांत,राजेश कुमार, प्रभाकर, इसके पहले ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव,ग्राम रोजगार सेवक,लेखपाल, प्रशिक्षित किए गए।



# नगर पालिका की बैठक में वर्ष 2023-24 के लिये 69.20 करोड़ का बजट पारित

## हरिप्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बेल्हा प्रतापगढ़ की नवगठित बोर्ड की पहली बैठक आज नगर पालिका सदन में नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें वर्ष 2023-24 का बजट अनुमानित आय 78.21 करोड़ के सापेक्ष अनुमानित व्यय 69.20 करोड़ का सर्व सम्मति से पारित किया गया।

सदस्यों के सम्मुख माह नवम्बर, दिसम्बर एवं माह जनवरी 2023 का आय-व्यय अवलोकन प्रस्तुत किया गया। बोर्ड में सई नदी के तट पर अधिष्ठापित एसटीपी जिसका निर्माण जल निगम द्वारा कराया गया है, उसके हस्तांतरण पर भी विचार किया गया तथा निर्णय लिया गया कि हस्तांतरण सम्पादित कराने के लिये सदस्यों व अधिकारियों की एक कमेटी गठित की जाएगी जो एसटीपी के संचालन पर आने वाले व्यय और उसकी वर्तमान स्थिति का गहन परीक्षण करने के उपरान्त अपनी आख्या अध्यक्ष/अधिषाषी अधिकारी को उपलब्ध कराएगी। इसके बाद हस्तांतरण के सम्बन्ध में अध्यक्ष एवं ईओ द्वारा निर्णय लिया जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र में नये क्षेत्र के सम्मिलित होने के दृष्टिगत वहां की साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में कर्मचारियों की आवष्यकता को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया कि वर्तमान में सेवा प्रदाता कम्पनी के अनुबंध का विस्तार किया जाए। यथाशीघ्र सेवा प्रदाता कम्पनी से नई निविदाओं को प्राप्त करने की कार्यवाही सुनिष्चित की जाए। नगर क्षेत्र की जल निकासी की समस्या पर यह निर्णय लिया गया कि इस सम्बन्ध में दक्ष कम्पनियों से विस्तृत कार्य योजना बनवाकर शासन को प्रेषित किया जाए तथा योजना के क्रियान्वयन के लिये शासन से पृथक रुप से धन आवंटित किये जाने की मांग की जाए। बोर्ड द्वारा निर्णय लेते हुए यह तय किया गया कि उत्तर प्रदेष शासन द्वारा कराये गये जीआईएन सर्वे से प्राप्त आंकड़े के आलोक में प्रथम चरण में नगर के सभी व्यवसायिक भवनों का स्वतः कर निर्धारण प्रणाली के तहत करारोपण किया जाए। इसके अलावा बोर्ड द्वारा पेयजल को सुदृढ़ बनाने के लिये ओवरलोड टैंकों व नलकूपों की स्थापना हेतु स्थान उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में पत्राचार किया जाए।

ईओ राम अचल कुरील द्वारा बैठक का सहभागिता कर रहे सभी के प्रति आभार जताया। बैठक में सभी सदस्य रीना सरोज, विनोद कुमार, राकेष पटेल, प्रेमलता सिंह, बसंत लाल, उर्मिला सिंह, कुसुम सिंह, मुफीज अहमद, दीपक कुमार, धीरज सिंह, सुनील दुबे, निभा मौर्या, आषीष जायसवाल, कमला देवी, विजय बहादुर, अमृत लाल, उदयषंकर, फरहीन बानो, धर्मशील शुक्ला, छाया श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



नगर पालिका बोर्ड की बैठक में बोलते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

## नगरीय विकास की योजनाओं से लकदक दिखेगी लालगंज टाउन एरिया

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर के दीवानी वार्ड स्थित नगर पंचायत कार्यालय पर शुक्रवार को बोर्ड की पहली बैठक में नगरीय विकास की विभिन्न योजनाओं पर गहन मंथन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने बोर्ड को भरोसा दिलाया कि सामूहिक प्रयास से लालगंज नगर पंचायत नगरीय विकास के संसाधनो से सदैव लगदक दिखेगा। उन्होने सभासदो से कहा कि वार्डो की समस्याओं के प्रति वह सजग जिम्मेदारी निभाते हुए इन समस्याओं के निदान कराए जाने में सहयोग प्रदान करें। चेयरपर्सन अनीता ने कहा कि नगर में जल निकासी, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा साफ सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस नगर पंचायत को सर्वश्रेष्ठ नगर पंचायत के रूप में विकसित करने का मिशन तेजी से जारी रहेगा। बैठक में अरविन्द मिश्र, विकास तिवारी भी मौजूद रहे।

# कभी डाक्टर तो कभी नही मिलती है दवाई

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही की हद

### मरीज करते है इंतजार, डाक्टर नदारद

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत का जायजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां पर डॉक्टरों के आने का कोई निर्धारित समय नहीं है। अस्पताल खुलने के समय पर पड़ताल की गई तो कोई भी डॉक्टर समय पर नहीं मिला, सिर्फ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अपने समय पर केबिन में मिले वही कई मरीज पहले से ही अस्पताल में पहुंचकर डॉक्टर का इंतजार करते हुए दिखाई दिए, लेकिन पर्ची काउंटर भी नहीं खुला था और कई बीमार अस्पताल परिसर में तड़पते हुए दिखाई दिए । पट्टी नगर रायपुर रोड पर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी तहसील का सबसे बड़ा स्वास्थ्य केंद्र माना जाता है। यहां पर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावा अन्य सरकारी सुविधाएं भी लोगों को मुहैया कराने की सरकार व्यवस्था दी है, लेकिन अगर समय पर डाक्टर ही ना मिले तो भला मरीजों का इलाज कैसे हो सकता है। ग्रीष्मकालीन समय में 1 अप्रैल से ही ओपीडी सुबह 8:00 बजे से खुलने का समय हो जाता है मगर शुक्रवार को पड़ताल करने पर 8:10 तक कोई भी डॉक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं था सिर्फ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अखिलेश अपने केबिन में दिखाई दिये। वहां पर मौजूद मरीज अमरावती, रानी देवी, जया यादव, बबीता ,राम बहादुर ,अंतिमा सहित अन्य मरीजो और तीमारदारों से बात हुई थी सभी ने बताया कि डॉक्टर समय पर नहीं आते हैं कभी हमें डॉक्टर नहीं मिलते हैं तो कभी दवाई नहीं मिलती है। सरकारी अस्पताल की स्थिति ठीक नहीं है लापरवाही के कारण मरीजों के साथ उनके तीमारदारों को ही परेशान होना पड़ता है।

# अमृत सरोवर तालाब व खेलकूद मैदान का सीडीओ ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया के शुक्रवार की दोपहर लगभग ढाई बजे ब्लाक कालाकांकर मुख्यालय पहुंचने पर हड़कंप मच गया जहा पर बीडीओ प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला व पंचायत सचिवो के साथ समीक्षा बैठक किया जिसमे विकास से संबंधित सभी योजनाओ के क्रियान्यवन के बारे मे जानकारी लिया उसके बाद ग्राम पंचायत ब्रम्हौली मे अमृत सरोवर तालाब ,बाजिदपुर मे खेलकूद मैदान, आलापुर मे खेलकूद मैदान व कालाकांकर मे पंतजी कुटिया व खेलकूद मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया।जिसमे ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिपाठी, सियाराम मौर्य, कुंवर मनीष सिंह,प्रकाश चंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे समीक्षा बैठक व स्थलीय निरीक्षण सकुशल सम्पन्न होने पर ब्लाक मुख्यालय के सभी स्टॉफ ने राहत की सास ली। समीक्षा बैठक के दौरान ग्राम पंचायत सचिव ब्यास कुमार मौर्य (आई एस बी), आफताब अहमद, प्रभांशु पांडे,अनुराग यादव, रामप्रताप यादव, उर्मिला, श्रीराम, कु0 ज्योति, सुशील कुमार जायसवाल, रविशंकर सोनकर सहित ब्लाक के समस्त स्टॉफ मौजूद रहे। समीक्षा बैठक व स्थलीय निरीक्षण के सम्पन होने के बाद जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गई।

## वैष्णों देवी के लिए 23 जून को चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर रेलवे ने वाराणसी जिले के लोहता रेलवे स्टेशन से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच समर स्पेशल ट्रेन के संचालन का फैसला किया है। ट्रेन नंबर 04249 लोहता से 23 जून को शाम 4.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शाम 7.50 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा पहुंचेगी ।

## गैस सिलेंडर से लगी आग से चार झुलसे, प्रयागराज रेफर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा के आसपुर देवसरा गांव में जगतपाल पुत्र फुन्नई के घर का गैस सिलेंडर का खराब हो गया था। रेगुलेटर ठीक करने के लिए सुरेश कुमार गौतम पुत्र चैतू राम पड़ोसी के यहां सुबह 7 बजे गए थे। वहां पर प्रिंस कुमार पुत्र सुरेश कुमार 15, वर्ष और हेमंत कुमार पुत्र रणजीत कुमार 16 वर्ष रेगुलेटर को देखने गए थे। अचानक गैस सिलेंडर के रेगुलेटर फट जाने के कारण पतरानुमा घर में आग लग गई। इतनी तेज आवाज थी, कि बम्ब जैसी आवाज निकली, जिसमें सुरेश कुमार, जगतपाल, प्रिंस कुमार, हेमंत कुमार झुलस गए। घर के परिजन चारों को निजी अस्पताल आसपुर देवसरा में ही प्राथमिक उपचार के बाद जिला प्रतापगढ़ लेकर गए। जहां पर चारों को जिला अस्पताल से इलाहाबाद स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# डा0 मुखर्जी का सारा जीवन देश के लिये समर्पित रहाः हरिप्रताप

## चिलबिला स्थित प्रतिमा पर बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मां भारती के सपूत डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आज चिलबिला चैराहे पर लगी उनकी प्रतिमा पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह एवं सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य के अलावा वहां मौजूद लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके जीवन चरित्र का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की सेवा के लिये अपना सारा जीवन बलिदान कर दिया। उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के लिये समर्पित था। डा0 मुखर्जी का कहना था कि एक देष में दो प्रधान दो विधान व दो निषान नहीं चलेंगे। इसके लिये उन्होंने स्वयं को बलिदान कर दिया। इस अवसर पर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्षों और उनके बलिदानों से युवकों को प्रेरणा लेनी चाहिये। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष पंकज मिश्र, सभासद प्रतिनिधि पवन, मण्डल अध्यक्ष महावीर पाल के अलावा कई लोग उपस्थित रहे।

उधर भारत की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले,महान राष्ट्रवादी नेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की बलिदान दिवस पर चिलबिला चैराहे पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रतापगढ़ द्वारा श्रद्धांजलि व्यक्त किया गया। डाक्टर मुखर्जी जी ने राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता अखंडता हेतु समर्पित रहा उन्होंने कहा था की एक देश में दो प्रधान दो विधान दो निशान नही चलेंगे इसके लिए उन्होंने स्वयं को बलिदान कर दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, महामंत्री नितीश श्रीवास्तव, सुजीत पाण्डेय, अविनाश सिंह, नगर अध्यक्ष रोहित सिंह, राहुल, आशीष आर्या, नितेश, अतुल शुक्ला आदि पदाधिकारी एवं कार्यकत्रा उपस्थित रहे।



डा0 मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक व नपाध्यक्ष।

# लाइन के पोस्टमार्टम के बाद शव को सड़क पर रख ग्रामीणों ने किया हंगामा

## एसडीएम, सीओ, और तीन थानों की पुलिस के साथ पहुंची पीएसी मृतक की पत्नी ने 25 लाख और सरकारी नौकरी की मांग पर एसडीएम ने दिया आश्वासन

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर निवासी अनिल पटेल (26) बीते 13 जून को हाईटेंशन लाइन पर फाल्ट ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा था। शटडाउन लेने के बावजूद लाइन ना काटे जाने के वजह से अनिल पटेल गंभीर रूप से झुलस गया। जिसको एंबुलेंस द्वारा सीएससी कुंडा ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह लगभग पांच बजे अनिल पटेल की मौत हो गई।

परिजन आक्रोशित ग्रामीणों के साथ अनिल पटेल के शव को लेकर थाना मानिकपुर ले गए आक्रोशित ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग करने लगे व आर्थिक सहायता की मांग की। गुरुवार को मानिकपुर पुलिस ने पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार को जब शव पोस्टमार्टम के बाद वापस परिजन लेकर आए तो परिजन सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों संग गांव के ही सड़क पर शव रख कर हंगामा करने लगे। हंगामे की खबर मिलते ही मानिकपुर थाना पुलिस, नवाबगंज थाना पुलिस, कुंडा पुलिस पीएसी के साथ गांव में पहुंच गई। गांव में पहुंचे पुलिस से ग्रामीणों की झड़प होने लगी। हड़कम्प की सूचना मिलते ही कुंडा एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी और कुंडा सीओ अजीत सिंह भी मौके पर पहुंचे।

घटना स्थल पर पहुंचने के बाद सभी ने परिजनों से बात कर शव का अन्तिम संस्कार करने को कहा। पीड़िता के घर जन सत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया के प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव, कुंडा ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह व जिला पंचायत सदस्य विनोद पटेल भी पहुंच गए। पीड़ित परिवार को शांत कर बात करने पर मृतकं अनिल की पत्नी ने सभी के सामने दो मांग रखी। जिसमे जीवन यापन के साथ बच्चों की पढ़ाई, शादी विवाह के लिए 25 लाख रुपए और सुनीता को मानिकपुर पावर हाउस में सरकारी नौकरी दिलवाए जाने की मांग की। एसडीएम कुंडा सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने पीड़ित परिवार को विश्वास दिलाते हुए उनकी मांगों को शासन तक भेजने की बात कही उसके बाद परिजन शव का अन्तिम संस्कार करने को राजी हुए। अधिकारियों के मौजूदगी में ही परिजन और ग्रामीण शव का अन्तिम संस्कार करने के लिए मानिकपुर राज घाट चले गए। दोपहर लगभग 12:50 पर परिजन उपजिलाधिकारी कुंडा आश्वासन पर अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए और राजघाट मानिकपुर के लिए रवाना हुए।



एसडीएम को ज्ञापन देते परिजन।

## सपा के जिला उपाध्यक्ष इरशाद के निधन पर शोक



इरशाद सिद्दीकी (फाइल फोटो)

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रहे इरशाद सिद्दीकी का आज शुक्रवार को अचानक देहान्त की खबर सुनकर लोग स्तब्ध रह गये। बताया जाता है कि वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका इलाज लखनऊ के एक अस्पताल में हो रहा था जहां शुक्रवार की सुबह उनका अचानक देहान्त हो गया। यह खबर आते ही समाजवादी नेताओं तथा उनके शुभचिंतकों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया। वह एक मिलनसार तथा नेक इंसान थे। उनकी पत्नी नगर पालिका की सभासद भी रह चुकी हैं। सामाजिक कार्यों में वह हमेशा उपलब्ध रहते थे।

## वृद्धाश्रम में टीबी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद के सदर ब्लाक के अन्तर्गत वृद्धाश्रम महुली में टीबी जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर वृद्धजनों एवं वृद्ध आश्रम में कार्य कर रहे व्यक्तियों को टीबी रोग के बारे में जानकारी दी गई एवं सरकार द्वारा मिलने वाली समस्त निःशुल्क सुविधाओं की जानकारी दी गयी। टीबी रोगी को निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत रुपए 500 प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में हस्तान्तरित किया जाता है। यह भी बताया गया।

टीबी के लक्षण मुख्य रूप से 2 सप्ताह से अधिक खांसी, शाम के समय हल्का बुखार आना, बलगम के साथ खून आना, वजन में लगातार गिरावट, रात में पसीना आना, सीने में दर्द और भूख न लगना यह सभी टीबी के मुख्य लक्षण है। अगर किसी भी व्यक्ति को यह लक्षण दिखें तो वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर बलगम की मुफ्त जांच करायें। धनात्मक मरीज पाये जाने पर उनका इलाज शुरू किया जायेगा। यह सभी सुविधायें जनपद के सभी ब्लाक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के टीबी यूनिट पर निःशुल्क प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में सभी वृद्धजनों की स्क्रीनिंग की गई एवं 07 सम्भावित मरीजों का बलगम एकत्र कर जांच के लिये भेजा गया। टीबी जागरूकता कार्यक्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला पीपीएम समन्वयक, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक, वरिष्ठ लैब टीबी सुपरवाइजर, वृद्ध आश्रम के मैनेजर एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# अटल वाटिका में योग शिविर का हुआ आयोजन

## गुड मॉर्निंग योग क्लब द्वारा दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अटल वाटिका बाबागंज पार्क प्रतापगढ़ में गुड मॉर्निंग योग क्लब द्वारा एक योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योग के द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने के बारे में जानकारी दी गई और योग कराया गया।

इस अवसर पर योग के विषय में सभी वक्ताओं ने योग के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और बताएं कि आजकल के खानपान और असमय खानपान होने की वजह शरीर में कई तरह की बीमारी पैदा हो जाती है इससे निजात पाने के लिए शरीर को योग को के माध्यम से स्वस्थ और निरोगी बनाता जा सकता है। आज कल की दैनिक दिनचर्या में शारीरिक श्रम कम होने की वजह से शरीर में कई तरह की बीमारियां बढ़ती जा रही है जिसके रोकथाम के लिए योग एक महत्वपूर्ण साधन बनता जा रहा है इस विषय पर सभी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया और जरूरी योग के विषय में बताया गया इसमें बताया गया कि योग करने से शरीर को स्वस्थ और निरोगी बनाए रखा जा सकता है। इस अवसर पर गुड मॉर्निंग योग क्लब के सभी सदस्य अपने परिवार जन और इष्ट मित्रों के साथ मिलकर योग किया और अटल वाटिका बाबागंज पार्क में योग के माध्यम से सभी ने योग करके अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक त्योहार के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक के रूप में एनके पाल, यशपाल सिंह और संदीप रावत के द्वारा योग कराया गया इस अवसर पर कैलाश श्रीवास्तव, प्रमोद केसरवानी, राजू केसरवानी ,मनीष चैरसिया, राजेश तिवारी, रतन खंडेलवाल ,प्रदीप खंडेलवाल,जयप्रकाश खंडेलवाल,अशोक केसरवानी,सतीश खंडेलवाल, सुनील केसरवानी, अरुण खंडेलवाल, गिरिराज खंडेलवाल, कत. सुधांशु उपाध्याय, अजय बाजपाई, रामजी जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और अपने परिवार के साथ योग भी किया। इस अवसर पर मातृशक्ति के रूप में प्रेमलता खंडेलवाल, शशि खंडेलवाल, संतोष खंडेलवाल, सुषमा केशरवानी, श्वेता चैरसिया, बबिता केसरवानी, हरमीत कौर, आशा मिश्रा, किरण केसरवानी, प्रीति केसरवानी, अंजनी केसरवानी, जागृति रावत, प्रतिमा श्रीवस्तवा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रही।



अटल वाटिका में योग करते क्लब के पदाधिकारी

# तीन साइबर अपराधी को दिल्ली से किया गया गिरफ्तार

## बड़े साइबर अपराध का पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बडे. साइबर अपराध का खुलासा किया है। साइबर अपराधी द्वारा बैंक चेकों की क्लोनिंग कर फर्जी तरीके से विभिन्न खाता धारकों के खातों से बड़ी धनराषि ट्रांसफर की थी। बता दें कि बैंक चेको की क्लोनिंग कर फर्जी तरीके से विभिन्न खाता धारकों के खातों से बड़ी धनराशि ट्रांसफर की गई थी। साइबर अपराधी बैंकिंग सिस्टम की कमियों का फायदा उठाते थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीन साइबर अपरधी को दिल्ली स गिरफ्तार किया गया है। बड़ी संख्या में लोगो के साथ ठग होने पर एसपी सतपाल अंतिल ने जेठवारा एसएसआई विनीत उपाध्याय को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया था जिस पर टीम में शामिल अमृत जैन, जेठवारा विनीत उपाध्याय, सतीश यादव नगर कोतवाली, दिग्विजय सिंह, चंद्रगुप्त, मु आ नसीर कमाल ने बड़ी कार्रवाई की। प्रतापगढ़ पुलिस की कार्रवाई के बाद बैंक आफ बड़ौदा ने नियमों में बदलाव किया है और अब बिना कस्टमर कंफर्मेशन के चेक से पैसे नहीं निकल सकेंगे। पुलिस ने साइबर अपराधियों के पास से घटना में प्रयुक्त 2 मोबाइल फोन, 2 बैक चेक फोटो कापी, 4 फर्जी आईडी बरामद किया है। पकड़े गए तीनो आरोपी दिल्ली के निवासी हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम को डीजीपी यूपी ने प्रशंसा पत्र प्रदान करने की घोषणा की है। एडीजी प्रयागराज जोन ने सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र एंव 25000 रुपए पुरूस्कार देने की घोषणा की। एसपी सतपाल अंतिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया है।



पत्रकारवार्ता में बोलते पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल।

## खबर संक्षेप

### बिजली की चपेट मे आने से युवक की मौत

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना के औधन गांव मे गेंदलाल पुत्र गुलाब चन्द घर की लाईट ठीक करने के लिये टूटी तार जोड़ रहा था कि बिजली का तार उसके पैर मे चिपक गया जब तक उसकी पत्नी ने बचाव के लिए दौड़ी घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई परिवार वालों ने सरकारी एम्बुलेंस के जरिये तिल्हापुर मोड़ स्थित किसी निजी नर्सिगहोम मे ले गये जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया गेंदलाल उम्र 32 वर्ष बम्बई मे रहकर कमाई करता था अभी एक माह पहले छुट्टी लेकर घर आया था और गांव मे मृतक की पत्नी सुमन देवी व बेटा आयूष कुमार उम्र 6 वर्ष बेटी सृष्टि उम्र 3 वर्ष घर में सास ससुर से अलग रहकर अपना गुजर बसर करती थी सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया है।

# बाइक सवार को ट्रक ने रौंदा मौके पर मौत

## मुंबई से वापस आज गांव लौट रहा था युवक हादसे का हुआ शिकार



अखंड भारत संदेश

**करारी कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मझियावा नेवारी पुल के पास बाइक सवार युवक को अनियंत्रित तेज गति ट्रक ने रौंद दिया है जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक भइला मखदुमपुर निवासी शिव सागर सरोज उर्फ मूलचन्द्र उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र जयप्रकाश बाइक से अपनी ससुराल पांडे मऊ गांव गया हुआ था जहां से वह वापस अपने घर भईला मखदुमपुर जा रहा था जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के मझियावा नेवारी पुल के पास पहुंचा अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया है जिससे युवक ट्रक के पहिए में फंस गया और उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि युवक रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहता था मुंबई से वह आज ही वापस आया था और अपने घर जा रहा था लेकिन रास्ते में उसकी दर्दनाक मौत हो गई है।

## दो ट्रकों के बीच में फंस गई दोपहिया सवार महिला गंभीर घायल

**कौशांबी।** नगर पालिका मंझनपुर के वार्ड नंबर 12 शहीद सोहनलाल नगर (समदा) चौराहे से समदा गांव के दक्षिण की ओर महेवाघाट को जाने वाली रोड पर भरवारी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक और ओसा की तरफ से आ रही ट्रक के बीच में चित्रकूट जनपद के किसी एक गांव के पिता और पुत्री दो बच्चों के साथ भरवारी की तरफ जा रहे थे तभी समदा चौराहे के पास दो ट्रकों के बीच में घुस जाने के कारण महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी हालांकि बच्चों का और घायल महिला के पिता पर किसी प्रकार की आंच नहीं आई है वही सूचना पाकर मंझनपुर पुलिस ने ट्रक और ट्रक चालक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करने में जुट गई है और घायल महिला को एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

# घूसखोर दरोगा ने फिर कर दी पुलिस वर्दी कलंकित

अखंड भारत संदेश

## योगी सरकार के भ्रष्टा मुक्त सरकार का दावा कैसे होगा सफल !



**कौशाम्बी।** जिले में पुलिस विभाग में घूसखोरी का काम रुकता नहीं दिख रहा है पूरे दिन थाना पुलिस चौकियों में वसूली का खेल चलता है संगठित अपराध से तो बेखौफ तरीके से पुलिसकर्मियों द्वारा वसूली की जाती है लेकिन अधिकारी घूसखोरी के मामले में साक्ष्य सबूत मांगने लगते हैं लेनदेन करने वाले सहमत होते हैं तो सबूत कैसे एकत्रित होगे जिससे घूसखोरी में लिप्त पुलिसकर्मियों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती और पुलिस कर्मियों के मनोबल बढ़ जाते हैं कुछ मामले में सबूत एकत्रित होते हैं तो एक दो मामलों में कार्यवाही कर दी जाती है लेकिन इक्का-दुक्का कार्यवाही होने के बाद कैसे घूसखोर पुलिसकर्मियों का मनोबल टूटेगा यह गहन मंथन का विषय है ताजा मामला पिपरी थाना क्षेत्र के तिलहापुर का है वायरल वीडियो में एक पीड़ित व्यक्ति से एक उपनिरीक्षक लेन-देन कर रहे हैं रुपए गिनते देखे जाते हैं एक पीड़ित व्यक्ति से घूस की रकम लेते लेनदेन करके रुपए गिनते वीडियो वायरल हो रहा है हालांकि अखंड भारत संदेश समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है अब सवाल उठता है कि योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त निर्देश का पालन कौशांबी में कैसे होगा क्या सरकार के निर्देश के बाद घूसखोरी बंद कराने के लिए वीडियो फोटो सबूत एकत्रित करना जरूरी है क्या गोपनीय तरीके से घूसखोरी की जांच कराकर घूसखोर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई कर उनको दंडित करने का प्रयास नहीं किया जाएगा।

## डीजे की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव के अशर्फी लाल की लड़की रेशमा की शादी वृहस्पतिवार को थी ! शादी समारोह में अशर्फी लाल के छोटे भाई फूल चन्द्र की लड़की राजकुमारी उम्र करीब 35 वर्ष पत्नी मुनीष निवासी बहादुर पुर थाना कोरांव जनपद मैनपुरी जो शादी समारोह में शरीक होने आयी थी ! निमंत्रण खाकर अपने पिता के घर जा रही थी! काजू गांव के कामता प्रसाद पुत्र छेदीलाल का डीजे बज रहा था! रात्रि करीब 2:00 बजे डीजे चालक अज्ञात डीजे को बैक करने लगा डीजे की चपेट में आने से राजकुमारी की मौके पर मौत हो गई है! विवाहिता की मौत हो जाने से बरात में अफरातफरी मच गई! डीजे चालक मौके से फरार हो गया! मृतक के पिता फूल चन्द्र ने थाना चरवा में तहरीर दिया! मौके पर चरवा पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बैंक से रुपया निकलकर घर जा रहे दंपत्ति से बदमाशो ने की 50 हजार की लूट

अखंड भारत संदेश

**सिंघिया क्षेत्र के एक गांव का एक व्यक्ति बीते कई वर्षो से अक्सर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देता है**

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में बैंक से रुपया निकलकर घर वापस जा रहे दंपत्ति से बदमाशो ने दिनदहाड़े बीच बाजार में जबरन 50 हजार रुपए की लूट कर ली और फरार हो गए,लूट के बाद बैंक और पुलिस चौकी पहुंचकर पीड़ित दंपत्ति ने इसकी शिकायत की,शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी परसरा निवासी दिलीप कुमार पुत्र राम प्रकाश अपनी पत्नी के साथ इंडियन बैंक गए और बैंक से 50 हजार रुपया निकाला और घर वापस जा रहे थे दंपत्ति के साथ बैंक से ही कुछ बदमाश लग गए और सिंघिया में गली के अंदर जाकर उनसे जबरन रुपया लूट लिया। पीड़ित दंपत्ति ने बताया कि उनकी पत्नी से बदमाशो ने जबरन रुपया छीन लिया,यह रुपया उन्होंने कर्ज वापस करने के लिए निकाला हुआ था। लूट की घटना के बाद दंपत्ति पुलिस चौकी सिंघिया पहुंचे और पुलिस को लूट की सूचना दी,लूट की घटना की सूचना के तत्काल बाद पुलिस जांच में जुट गई है। लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है बताया जाता है कि सिंघिया क्षेत्र के एक गांव का एक व्यक्ति बीते कई वर्षो से अक्सर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देता है कई बार वह पुलिस के निशाने पर भी पहुंच चुका है लेकिन पुलिस के हाथ उस तक नहीं पहुंच पाते हैं बताया जाता है कि आब इंडियन बैंक के आसपास बाइक लेकर घूम रहा था।

## पुलिस अभिरक्षा में लिए गए वाहनों से गायब हो रहे हैं सामान !

**कोखराज कौशाम्बी।** पुलिस अभिरक्षा में लिए गए वाहनों से अब सामान गायब होने लगे हैं ताजा मामला ओसा मंडी में खड़े वाहनों का है जय प्रकाश पुत्र भारत लाल निवासी बड़ागांव थाना संदीपन घाट ने पुलिस अधिकारियों को भेजे पत्र में बताया कि दिनांक 11 जून 2023 को डम्फर नंबर यूपी 70 एफटी 96 63 को खनन विभाग में सीज कर दिया था और मंडी समिति ओसा मंझनपुर में खड़ा करा दिया उस समय गाड़ी में संपूर्ण सामान मौजूद थे वाहन अदालत के आदेश से रिलीज हो गया जब रिलीज ऑर्डर लेकर अपने वाहन को लेने ओसा मंडी गया तो मौके से वाहन से दो बैटरी जैक रॉड बिल पाना स्टेफनी गैस सिलेंडर टेप रिकॉर्ड बाजा आदि सामान लगभग 65 हजार रुपए कीमत का डम्फर से गायब है इस बारे में जानकारी की गई तो कोई कुछ बताने को तैयार नहीं हैअधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में पीड़ित ने कहा कि मेरे डम्फर वाहन को कब्जे में लेने के बाद सामान गायब करने वाले लोगों के कारनामों की जांच कराते हुए उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाए मेरा सामान बरामद कराया जाए मेरा सामान मुझे सुपुर्द कराया जाए और सामान चोरी करने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए मामले की जानकारी मिलते ही मंझनपुर कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक मौके पर पहुंचे हैं और जांच पड़ताल की है।

### घर के सामने बंधी भैस चोरी

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सटाई जलालपुर साना के मनीष पाल पुत्र बेचू पाल की भैस घर के बाहर बंधी थी आधी रात को चोर घर के बाहर से भैंस खोल ले गए है भैंस लगभग 60 हजार कीमत की बताई जा रही है भैंस चोरी की जानकारी मिलते ही परिजन परेशान हो गए काफी खोजबीन किया है लेकिन कोई सुराग नहीं लगा परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है लेकिन उसके बाद भी चोरी गई भैंस का सुराग नहीं लग सका है।

# बार-बार विद्युत ट्रिपिंग व कटौती से नगरवासी परेशान



**कई जगह पर विद्युत की तारे उलझ जाने से हादसे की बनी रहती हैं संभावनाए, बार-बार विद्युत ट्रिपिंग और सप्लाई में नहीं सुधार हुआ तो सड़क पर उतर सकते हैं नगरवासी**

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में बार-बार विद्युत ट्रिपिंग और कटौती से नगरवासी त्रस्त हो गए हैं जिससे नगर वासियों का आक्रोश कभी भी सड़क पर उतर सकता है कस्बे के कई स्थानों पर विद्युत तारे आपस में उलझ गई हैं जिससे बार-बार शॉर्ट सर्किट होता है और कभी भी बड़े हादसे हो सकते हैं दो दिन पहले जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड में एक फर्नीचर की दुकान में विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग के बाद बड़ा नुकसान होने के बाद भी विद्युत अधिकारी सचेत नहीं हो सके हैं उन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार है नगर के लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए भरवारी कस्बे की विद्युत सप्लाई बहाल किए जाने बार-बार कटौती और ट्रिपिंग से मुक्ति दिलाए जाने और उलझी विधुत तारों को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 23 ए पी जे अब्दुल कलाम मोहल्ले में विद्युत तार के मक्कड़ जाल के चलते किसी बड़ी अनहोनी की संभावना लगातार नगरवासी व्यक्त कर रहे हैं 2 दिन पहले मंझनपुर में इसी तरह की घटनाएं हो चुकी है विद्युत सप्लाई बहाल करने उलझी तारों को दुरुस्त करने के बजाय विद्युत विभाग केवल वसूली में लगा रहता है वार्ड नंबर 23 के पार्षद मोहम्मद हुसैन का कहना है कि विद्युत विभाग को कितनी बार शिकायत करने के बाद भी आज तक विद्युत विभाग के कानो में जू नही रेंग रही है ऐसे में विभाग आंख से अंधा वा कान बहरा बना हुआ हैं। हादसे को दावत दे रहे विद्युत तारों के उलझने के बाद विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते नगर के लोगो में बिभाग के प्रति जबरदस्त रोष व्याप्त है और कभी भी विभाग के खिलाफ लोग सड़क पर उतरकर आवाज बुलंद कर सकते हैं यहां यह भी बताना अति आवश्यक है कि जब से गर्मी शुरू हुई है उसी समय से विद्युत भाग्य लापरवाह कर्मचारी नगर वासियों को परेशान करने में लगे हैं पूरी रात और पूरे दिन बार-बार विद्युत ट्रिपिंग की जाती है जिससे लोगों की रात की नींद और दिन का चैन छिन जाता है बेवजह बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा बार-बार सिट डाउन लेकर कार्य करते रहते है उसके बाद रात भर सिट डाउन लेकर उपभोक्ताओं को क्यो गर्मी मे बेहाल कर रात रात भर भीषण गर्मी में परेशान किया जा रहा है जिसके चलते मजबूर नगरवासी जाग कर रात काटते है जबकि सूबे के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने कस्बा में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति देने का आदेश दिया है ऐसे में लगता है की मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ का आदेश जनपद में विद्युत विभाग के अधिकारियों पर कोई मायने नहीं रखता है।

# एसपी ने ली पुलिस लाइन्स में परेड की सलामी

अखंड भारत संदेश

## पुलिस लाइन्स परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई, एवं खराब टर्न आउट वालों को डफमें पेश करने के निर्देश दिए, तथा साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। जवानों से ऑप्टिकल्स (दीवार कूदना, मंकी रोप, रस्सा चढ़ना, फायर मैन लिफ्ट इत्यादि) का अभ्यास कराया गया, तथा शस्त्राभ्यास भी कराया गया। इस दौरान राजपत्रित अधिकारियों द्वारा कमांड देकर पुलिस जवानों को स्क्वाड ड्रिल का अभ्यास कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द की सलामी ली गयी एवं गार्द का निरीक्षण किया गया तथा समस्त शाखाओं, डीसीआर कार्यालय, डायल-112 एवं एमटी शाखा तथा जिम का निरीक्षण किया गया एवं पीआरवी वाहनों की नियत समय में स्टेपनी चेंज करने का अभ्यास कराया गया तथा थानों से आए हुए वाहनों को भी चेक किया गया शौचालय/टायलेट की साफ-सफाई हेतु कड़े निर्देश दिए गए। साथ ही भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# पुलिस वाहनों में जमकर हो रही डीजल चोरी !

अखंड भारत संदेश

**परिवहन शाखा प्रभारी पर अवैध धन उगाही का आरोप, उप निरीक्षक परिवहन शाखा को पीआरवी जवान ने पत्र भेजकर डीजल चोरी का किया खुलासा**

**कौशाम्बी।** पुलिस बिभाग के सरकारी वाहनों में जमकर डीजल चोरी हो रही है एमआईटी रमेश मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं कुछ वर्षों में रमेश मिश्रा ने अकूत संपत्ति अर्जित की है जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की गई है एमआईटी प्रभारी रमेश मिश्रा के कार्यकाल में सरकारी वाहनों के मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल बाउचर के जरिए जमकर धांधली हो रही है पीआरवी में तैनात पुलिस जवान ने चालक शिव प्रकाश मिश्रा पर नियम विरुद्ध कार्य किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधिकारियों को पत्र भेजा है कमांडर के पद पर तैनात जवान ने कहा है कि 30 लीटर डीजल डलवाने के बाद 40 लीटर की पर्ची बनवाई जाती है यह आए दिन का काम हो गया है शिकायतकर्ता ने फोटो साक्ष्य के रूप में शामिल किया है आरोप है कि पुलिस वाहन की कभी सफाई नहीं की जाती चालक के साथ असामाजिक लोगों के उठने बैठने की भी शिकायतें की गई है शिकायतकर्ता ने परिवहन शाखा प्रभारी रमेश मिश्रा के ऊपर भी कमीशन खोरी का आरोप लगाया है उनका कहना है कि परिवार शाखा प्रभारी रमेश मिश्रा की सांठगांठ से पुलिस वाहनों में डीजल की चोरी हो रही है आरोप है कि आईएमटी रमेश मिश्रा के रिश्तेदार भी डीजल चोरी में लिप्त है फर्जी बिल लगा कर उपकरणों की खरीद दिखाई जा रही है सरकार के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है इतना ही नहीं पुलिस गाड़ियों के टायर बदलवाने के नाम पर फर्जी बिल लगा कर भुगतान कराए जा रहे हैं आरोप है कि परिवहन शाखा प्रभारी रमेश मिश्रा द्वारा बहुत से चालकों को परेशान किया है धन उगाही की जाती है जो पैसा नहीं देता उसे परेशान किया जाता है चालक को ड्यूटी चार्ट देख कर ड्यूटी नहीं लगाई जाती है जो ड्राइवर इनकी बात मानता है वह मनमानी ट्रांसफर करवा लेता है बताया जाता है कि पुलिस लाइन में तैनाती के दौरान शहर इलाहाबाद के झलवा के विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के पास करोड़ो की आलीशान प्रॉपर्टी बनाई गई है लंबे समय से रमेश मिश्रा भ्रष्टाचार में लिप्त है रमेश मिश्रा की एंटी करप्शन से जांच कराए जाने की मांग की गई है।

## न्यूज झरोखा

### यमुना में डूबे युवक की दूसरे दिन मिली लाश लाश मिलते ही परिवार में मचा कोहराम



**करारी कौशांबी।** जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के डेढ़ावल गांव में यमुना नदी में तैर कर पार करने की शर्त लगाकर नदी पार करते समय बुधवार को एक ब्यक्ति डूब गया था कड़ी मेहनत के बाद दूसरे दिन गुरुवार को डूबे व्यक्ति की लाश मिली है लाश मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के हंडिया निजामपुर गांव के लगभग डेढ़ दर्जन लोग चित्रकूट जनपद के मऊ कुटिया स्थित समया माता मंदिर निशान चढ़ाने जा रहे थे एक दर्जन लोग नाव में सवार होकर नदी पार कर मऊ क्षेत्र पहुंच गए। लेकिन पप्पू उम्र 40 वर्ष पुत्र बुधराम निवासी हंडिया निजामपुर अपने दो अन्य साथियों के साथ यमुना नदी में तैरकर पार करने की शर्त लगा ली और तीनों तैरकर नदी पार करने लगे दो युवक तो निकल गए लेकिन अचानक पप्पू पुत्र बुधराम यमुना नदी में डूब गया। गोता खोरों की मदद से दूसरे दिन गुरुवार को कड़ी मेहनत के बाद पप्पू पुत्र बुधराम का शव नदी में मिला है शव को पुलिस ने कब्जे में लेते हुवे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिवार और रिश्तेदारों में कोहराम मचा हुआ है।

### गोवंश का सिर और खाल मिलने के बाद विहिप और बजरंग दल में आक्रोश



**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के नसुल्ला पुर गांव में गोवंश का सिर और खाल मिलने के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया है मामले की जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में विहिप नेता कार्यकर्ता और बजरंग दल के लोग करारी थाना पहुंच गए हैं दोषियों की गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग करने लगे हिंदू संगठन के लोगों के आक्रोश की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी मंझनपुर भी करारी थाना पहुंचे हैं देर रात तक दोनों पक्ष के बीच वार्ता होती रही काफी समझाने बुझाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देने के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के उत्तेजित कार्यकर्ता पदाधिकारी शांत हुए हैं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने बताया कि गौकशी का मामला सामने आया है इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा दोषियों को दंडित नहीं किया गया तो आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी विहिप और बजरंग दल के लोगो का थाने में देर रात तक जमावड़ा लगा रहा और आक्रोश व्यक्त करते रहे

### एसपी ने थाना संदीपनघाट का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना संदीपनघाट का औचक निरीक्षण किया गया थाना कार्यालय सीसीटीएनएस कक्ष, अपराध रजिस्टर, मालखाना , अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया एवं बैरकों और थाना परिसर के अन्य भवनों का भी निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारी मौजूद रहे

### मिशन शक्ति के तहत जनपद पुलिस द्वारा अभियान चलाकर महिलाओं बालिकाओं को किया गया जागरूक



**कौशाम्बी।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा बालिकाओं महिलाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों पर गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड व थाने पर नियुक्त महिला बीट आरक्षी द्वारा थाना क्षेत्र के बीट,गांव,स्कूल,कॉलेज,पंचायत भवन, प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैण्ड, मेलों आदि में बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर अपराध सम्बन्धित जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 102 स्वास्थ सेवा 108 एंबुलेंस सेवा 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

### गांव की सड़क में बहते गंदे पानी से खराब हो रही सड़क



**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत औधन में सफाई कर्मचारी के बेलगाम हो जाने से गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है गांव की गलियों में गंदगी व्याप्त है नाली का गंदा पानी सड़को में बह रहा है जिससे सड़के जल्द खराब हो रही है खराब सड़कों पर लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं बार-बार सफाई कर्मचारी के कारनामों को नेवादा विकास खंड कार्यालय में अवगत कराए जाने के बाद भी अधिकारी सफाई कर्मचारी को सही तरीके से ड्यूटी देने के लिए तैयार नहीं कर सके हैं बताया जाता है कि नेवादा विकासखंड के एडीओ पंचायत सफाई कर्मचारियों को बल दे रहे हैं जिसके एवज में सफाई कर्मचारी उनका मुंह बंद कर देते हैं जिससे पूरे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी है सड़कों पर गंदा पानी बहने से जहां सड़कें खराब होती हैं वही आने जाने वाले राहगीरों के कपड़ों में गंदे पानी कीचड़ की छीटे पड़ती हैं जिससे लोगों के अंदर आक्रोश व्याप्त है लेकिन उसके बाद भी मोटा वेतन लेने वाले सफाई कर्मचारी की नकेल अधिकारी टाइट नहीं कर पा रहे हैं। लोगों ने शासन प्रशासन ध्यान आकृष्ट कराते हुए बेलगाम सफाई कर्मचारी को निलंबित कर नए सफाई कर्मचारी की तैनाती की मांग किया है।

### आवारा पशु बर्बाद कर रहे किसानों की फसल

**कौशांबी।** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र में सेवकूपुर थाम्भा देवरा नारा चक सहित विभिन्न गांव में आवारा पशुओं की भरमार है योगी सरकार और उनके अधिकारियों द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद गौ संरक्षण केंद्र में आवारा पशु नहीं पहुंचाए जा रहे हैं क्षेत्र में तैनात पंचायत सचिव भी आवारा पशुओं की रोकथाम लगाने के लिए गंभीर नहीं है पूरे दिन इलाके में घूम रहे आवारा पशु धान की नर्सरी सब्जी की फसल मूंग चरी के साथ बिभिन्न फसल को नष्ट कर रहे हैं सेवकूपुर और उसके आसपास झुंड के झुंड आवारा पशु घूम रहे हैं लेकिन उसके बाद भी पंचायत सचिव से लेकर विभागीय अधिकारी आवारा पशुओं के छुट्टा घूमने पर रोक नहीं लगा रहे हैं जिससे किसानों के सामने समस्याओं का अंबार लगा है। शिकायतके बाद भी किसानों की बात सुनने को अधिकारी तैयार नहीं है पशु विभाग के अधिकारी भी आवारा पशुओं के रोकथाम का प्रयास नहीं कर रहे हैं इलाके के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आवारा पशुओं पर रोकथाम कराए जाने की मांग की है।

संपादकीय

## बढ़ रही है तपिश

सुनील कुमार महला

**धरती** का तापमान लगातार बढ़ रहा है और आज संपूर्ण विश्व के साथ ही भारत भी बढ़ती तपिश का सामना कर रहा है। धरती का तापमान बढ़ने से धरती की पारिस्थितिकी तंत्र में अनेक आमूल चूल परिवर्तन आ रहे हैं। तपिश इतनी बढ़ चुकी है कि मैदानी भागों में तो क्या पहाड़ों में भी आदमी तपिश व बढ़ती उमस को नहीं झेल पा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में कहीं पर इससे पेयजल संकट गहरा गया है तो कहीं पर सूखे का खतरा तक मंडराने लगा है। हाल ही में उत्तराखंड के टनकपुर में पारा इकतालीस डिग्री को पार कर गया, यह बहुत ही चिंताजनक बात है। बढ़ती गर्मी से आदमी तो आदमी जीव जंतुओं का हाल बहुत बुरा हो गया है। हाल ही में उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पेयजल संकट गहरा गया है और पांच योजनाओं में 30 प्रतिशत पानी कम होने पर विभाग को रोस्टर प्रणाली शुरू करनी पड़ी है। बताया जा रहा है कि मुख्यालय के बड़े कैचमेंट एरिया पर लगातार सूखे का खतरा मंडरा रहा है। इसी बीच यदि हम यहां मैदानी क्षेत्रों की बात करें तो उत्तर प्रदेश, बिहार व राजस्थान आजकल भीषण गर्मी की चपेट में हैं। हाल ही में एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक के हवाले से यह खुलासा हुआ है कि गर्मी और लू से अकेले उत्तर प्रदेश के बलिया जिला अस्पताल में 10 से 17 जून के बीच 121 मौतें हुई, जिनमें से 34 मौतें तो बाद के दो दिनों में हुई। दैनिक के हवाले से यह पता चला है कि तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है और तमाम अस्पताल डायरिया व लू के मरीजों से भरे हुए हैं। प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक ने अपने संपादकीय में यह भी लिखा है कि बिहार के पटना में भी अत्यधिक गर्मी और लू से हुई मौतों का आंकड़ा चौंकाने वाला है। इस कारण बिहार में स्कूल बंद कर दिए गए हैं, तो मध्य प्रदेश में पांचवीं तक के बच्चों की गर्मी की छुट्टियां 30 जून तक बढ़ा दी गई हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने तापमान घटने की संभावना तो नहीं ही जताई है, उल्टे अगले पांच दिन तक विदर्भ और छत्तीसगढ़ में तापमान और बढ़ने की बात कही है। धरती पर लगातार बढ़ती तपिश के परिणामस्वरूप पृथ्वी में लगातार बदलाव आ रहा है और इसके कारण ध्रुवों पर बर्फ पिघल रही है। पर्वतों पर ग्लेशियर लगातार घट रहे हैं। समुद्र का स्तर बढ़ रहा है और समुद्री स्तर बढ़ने से जनसमूहों का लगातार पलायन हो रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि वैश्विक तापमान में वृद्धि से तूफान, बाढ़, जंगल की आग, सूखा और लू के खतरे की आशंकाएं बढ़ जाती है। एक अत्यधिक गर्म जलवायु में, वायुमंडल अधिक पानी एकत्र कर सकता है और बारिश कर सकता है, जिससे वर्षा के पैटर्न में बदलाव हो सकता है। वास्तव में, ग्लोबल वार्मिंग, पृथ्वी की सतह, महासागरों और वायुमंडल का क्रमिक ताप, मानव गतिविधियों के कारण होता है, मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन का जलना जो कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को वायुमंडल में उत्सर्जित करता है। आज विश्व के विकसित देश लगातार बड़ी मात्रा में कार्बन का उत्सर्जन कर रहे हैं और वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड व अन्य ग्रीन हाउस गैसों की अधिकता हो गई है, जो कि ग्लोबल वार्मिंग के लिए मुख्य जिम्मेदार घटक है। विकसित देश, विकासशील देशों को अधिक कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार मानते हैं, जबकि अधिकतम कार्बन का उत्सर्जन वे स्वयं करते हैं और वे इसके लिए विकासशील देशों को जिम्मेदार ठहराते हैं। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि करीब 200 देशों ने साल 2015 के पेरिस समझौते में वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5उ या उससे कम तक सीमित करने का संकल्प लिया था, लेकिन ये देश अपने ही संकल्प को पूरा कर पाने में सक्षम साबित नहीं हो पा रहे हैं। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि आज ग्लोबल वार्मिंग से भारत समेत पूरी दुनिया में तापमान बढ़ रहा है, जिससे मौत का आंकड़ा बढ़ने के अलावा बीमारियां लगातार बढ़ रही हैं और कामकाज प्रभावित होने से अर्थव्यवस्था पर भी बहुत ज्यादा असर पड़ रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक, वर्ष 2000 से 2004 तक देश में लू और बढ़े तापमान के कारण सालाना औसतन 20,000 मौतें होती थी, पर वर्ष 2017 से 2021 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर सालाना 31,000 मौतों का हो गया। वैज्ञानिकों का यह कहना है कि इस परिवर्तन( ग्लोबल वार्मिंग) के पीछे ग्रीन हाउस गैसों की मुख्य भूमिका है, जिन्हें सीएफसी या क्लोरो फ्लोरो कार्बन भी कहते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये गैसें वातावरण में बढ़ती जा रही हैं और इससे ओजोन परत की छेद का दायरा बढ़ता ही जा रहा है।ग्लोबल वार्मिंग वैश्विक समस्या है और इससे एकजुट होकर ही निपटा जा सकता है। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपटने के लिए मुख्य रुप से सीएफसी गैसों का ऊत्सर्जन कम करने की जरूरत है और इसके लिए फ्रिज, एयर कंडीशनर और दूसरे कूलिंग मशीनों का इस्तेमाल कम करना होगा या ऐसी मशीनों का उपयोग करना होगा जिनसे सीएफसी गैसें कम निकलती हैं। औद्योगिक इकाइयों की चिमनियों से निकले वाला धुँआ हानिकारक हैं और इनसे निकलने वाला कार्बन डाई ऑक्साइड गर्मी बढ़ाता है। वास्तव में हमें इन इकाइयों में प्रदूषण रोकने के उपाय करने होंगे। वाहनों में से निकलने वाले धुँए का प्रभाव कम करने के लिए पर्यावरण मानकों का सख़्ती से पालन करना होगा। इतना ही नहीं, हमें उद्योगों और खासकर रासायनिक इकाइयों से निकलने वाले कचरे को फिर से उपयोग में लाने लायक बनाने की कोशिश करनी होगी और प्राथमिकता के आधार पर पेड़ों की कटाई रोकनी होगी और जंगलों के संरक्षण पर बल देना होगा। आज बड़ी मात्रा में बिजली उत्पादन के लिए कोयला जलाया जाता है, और कोयले से ग्लोबल वार्मिंग बहुत अधिक होता है, इसलिए हमें अक्षय ऊर्जा के उपायों पर ध्यान देना होगा यानी अगर कोयले से बनने वाली बिजली के बदले पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पनबिजली पर ध्यान दिया जाए तो धरती की आबोहवा को गर्म करने वाली गैसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

# लोकसभा चुनाव: हार्ड बनाम सॉफ्ट हिंदू

वीरेंद्र सिंह परिहार



**देश में** इन दिनों तथाकथित धर्मनिरपेक्ष कहलाने वाले दलों में इस बात की होड़ लगी हुई है कि वह भी सच्चे अर्थों में हिंदू हैं और इसके प्रति उनमें पूर्ण निष्ठा है. कांग्रेस पार्टी में तो राहुल गांधी एक दौर में दत्तात्रेय गोत्र के ब्राह्मण बन गए. इतना ही नहीं कई चुनावों में उन्होंने व्यापक स्तर पर मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना करने का उपक्रम किया.अभी हाल में प्रियंका गांधी जब आने वाले विधानसभा चुनाव के सिलसिले में जबलपुर आयीतो सर्वप्रथम मां नर्मदा का पूजन किया एवं आरती में हिस्सा लिया . मध्यप्रदेश में तो कमलनाथ की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी यह पुरजोर कोशिश कर रही है कीइस मामले में भाजपा को मात दे सकें. इसके लिए तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यालय ही भगवामयकर दिया गया. स्थिति हो गई है कि इन दिनों कमलनाथ के मंच पर कथावाचक दिख रहे हैं, उनमें जय श्री राम का उद्घोष भी सुनाई देने लगा है. लोगों को यह बेहतर ढंग से याददाश्त में होगा अयोध्या में राम जन्म भूमि विवाद में संघ परिवार द्वारा जय श्री राम का नारा लगाए जाने पर कांग्रेस पार्टी और दूसरे भाजपा विरोधी दल इसे सांप्रदायिकता फैलाने वाला नारा बताते थे. 2018 के विधानसभा चुनाव में भी प्रदेश में कांग्रेस पार्टी प व्यापक स्तर पर गौशाला बनाने और राम वन गमनपथबनाने की बात कर रही थी. इसी के चलते प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने भगवान राम का कथा वाचन, रामलीला का आयोजन पूजा अर्चना के साथ हनुमान जयंती पर प्रदेश भर में सुंदरकांड से लेकर हनुमान चालीसा पाठ कराया. कमलनाथ तो किसी न किसी रूप में पंडित धीरेंद्र शास्त्री और कथावाचक प्रदीप मिश्र से मिलते रहते हैं, यह बात और है कि कई कांग्रेसी उन्हें भाजपा का एजेंट बताने में भी कोताही नहीं बरतते. इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार ने 3 दिनों तक रामायण फेस्टिवल का आयोजन कराया. तो कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आने पर जगह-जगह बजरंगबली का मंदिर बनाने का वायदा भी किया. यह बात और है कि कर्नाटक में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस पार्टी जहां एक तरफ धर्मांतरण विरोधी कानून समाप्त करने जा रही है वहीं दूसरी तरफ गौ हत्या निषेध कानून को भी खत्म करने का अपना इरादा व्यक्त कर दिया है. संभवत उनकी दृष्टि में यह सब हिंदू प्रमाणित करने के लिए आवश्यक नहीं है.

लोगों को यह अच्छी तरह पता होगा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू अपने को दुर्घटनावशातहिंदू कहते थे. लोगों को यह भी पता होगा कि वर्ष 2011 में कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए सरकार में सांप्रदायिक एवं लक्षित हिंसा रोकथाम विधेयक लाई थी,, जिसका उद्देश्य सीधे-सीधे हिंदुओं को देश में द्वितीय श्रेणी का नागरिक बनाना था. कुछ वर्षों पूर्व राहुल गांधी ने कहा था कि महिलाओं को मां बहन कहने वाले और मंदिरों में जाने वाले ही लड़कियों को छेड़ते हैं. लेकिन अब ऐसा दौर आन पड़ा है कि दिग्विजय सिंह जैसे लोग कहते हैं कि वह सरसंघचालक से ज्यादा प्रमाणिक हिंदू हैं, क्योंकिवहएकादशी का व्रत रखते हैं. गौर करने की बात यह है की पूरी तरह से मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली और हिंदुओं को जात पात में बांटने वाली कांग्रेस पार्टी हिंदू- हिंदू क्यों चिल्ला रही है.

क्योंकि उसे यह एहसास हो गया है के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठनोके चलतेहिंदू क्रमशः जागरूक और संगठित हुआ है.हिंदू समाज को इस बात का एहसास हो गया है कि यदि ऐसा ही चलता रहा तो एकदिन अफगानिस्तान पाकिस्तान बांग्लादेश यहां तक कि कश्मीर घाटी जैसी हिंदुओं की स्थिति हो जाएगी. लेकिन कांग्रेस पार्टी अब भी यह समझ नहीं पाई कि जिस हिंदू की यह बात करती है वह उसका बाहरी ढांचाहै. क्योंकि मात्रपूजा पाठ करना,कर्मकांड करना हिंदू होने की कसौटी को पूरा नहीं करता. इस संबंध में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक पूज्य श्री गुरु जी कहा करते थे की औरंगजेब का सिपहसालार मिर्जा राजा जयसिंह भी बहुत पूजा पाठ करता था, उपवास रखता था और तीर्थ यात्राएं भी करता था.लेकिन उसी के सामने मंदिर तोड़े जाते थे,हिंदुओं का जबरिया धर्मांतरण होता था.हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार होता था. और हिंदुओं पर तरह तरह के अत्याचार होते थे, लेकिन मिर्जा राजा जयसिंह को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था. कांग्रेस पार्टी को भी अपने आप को हिंदू प्रचारित करना कुछ मिर्जा राजा जयसिंह जैसा ही मामला दिखता है. अफगानिस्तान पाकिस्तान बांग्लादेश कहीं पर भी हिंदुओं पर अत्याचार हो, कांग्रेस पार्टी विरोध में दो शब्द बोलना जरूरी नहीं समझती. देश के अंदर कहीं भी हिंदुओं पर अत्याचार हो, पूरी तरह चुप्पी साध लेती है. बंगाल में गत विधानसभा चुनाव में हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हुए उसे पूरी दुनिया ने देखा. लेकिन कांग्रेस पार्टी के मुंह से विरोध में कोई स्वर नहीं निकले. प्रत्येक वर्ष हिंदुओं की धार्मिक शोभायात्रा ऊपर हमले होते हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी यहां भी चुप्पी साध जाती है. जब लव जिहाद के विरोध में कानून बनाने की बात आती है,, जब मदरसों के आधुनिकरण के लिए योगी और हेमंता विश्वास शर्मा कदम उठाते हैं तब कांग्रेस पार्टी ऐसे प्रगतिशील कदमों का विरोध मुस्लिम तुष्टीकरण की दृष्टि से करती है.. अभी हाल में जब विधि आयोग ने देश में कॉमन सिविल कोड लागू करने के लिए संस्थाओं और नागरिकों से राय मांगी है तो उसको लेकर भी कांग्रेश जैसी पार्टियों को घोर आपत्ति है क्योंकि उसकी दृष्टि में यह मुसलमानों के धार्मिक मामलों पर हस्तक्षेप है. देश में बढ़ती भयावह जनसंख्या जो राष्ट्र के समक्ष एक यक्ष प्रश्न है उसे लेकर जब जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की बात होती है तो उसमें भी कांग्रेश जैसी पार्टियों को शिकायत होती है.. वह बहाने बनाती है कि सबसे चर्चा और सब को विश्वास में लेकर ही ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए. क्योंकि उसे पता है कि ना नौ मन तेल होगा ना राधा नाचेगी स्थित तो यह है कि यूपीए शासनकाल में व्यापक स्तर पर फैले जिहादी आतंकवाद का भी कांग्रेस पार्टी ने कभी खुलकर विरोध नहीं किया, जिससे उसके शासनकाल में आतंकवाद खूब फला फूला. विडंबना है कि कांग्रेस जैसी पार्टियां जो धर्मनिरपेक्षता का दम भरती हैं उन्होंने कभी अलकायदा, बोको हराम और आईएसआईएस का भी पूरी ताकत से विरोध नहीं किया.उन्हें लगता था कि ऐसा करने सेउनका मुस्लिम वोट बैंक प्रभावित हो सकता है . परचूँकि राहुल गांधी के लिए हिंदू अलग हिंदुत्व अलग है, ठीक ऐसे ही जैसे पुरुष के लिए पुरुषत्व, मां के लिए मातृत्व, व्यक्ति के लिए व्यक्तित्व का उनके दृष्टि से कोई मायने नहीं है. तभी तो वह हिंदुत्व को जो हिंदू की आत्मा है उसे शब्दकोश से ही बहिष्कृत कर देना चाहते हैं. वीर सावरकर के शब्दों में उन्हें यह बात समझ में ही नहीं आती कि हिंदुत्व हमारा स्व एवं पराक्रम है. उन्हें यह बात भी समझ में नहीं आती कि हिंदू कोई मजहबी शब्द नहीं बरन सांस्कृतिक और राष्ट्रीयता का पर्याय है जिसकी पुष्टि भारत की शीर्ष अदालत भी कर चुकी है. पर यह नकलची बंदर की तरह नकल किए जा रहे हैं, पर नकल के लिए भी जिस स्तर की अकल की जरूरत होती है उसका नितांत अभाव दिखता है. इनका हिंदू होने का दिखावा करना कुछ ऐसा ही है जैसे कोई व्यक्ति जड़ों को पानी ना देकर फूल पत्तियों को ही पानी दे. इनका अपने को हिंदू- हिंदू कहना किसी निष्ठा या आस्था का परिणाम नहीं बल्कि अवसरवादिता का विकृत उदाहरण है।

# अगले विधानसभा चुनाओं की तैयारी में मायावती

अशोक भाटिया

**नीतीश कु**मार की अगुआई में 23 जून शुक्रवार को पटना में गैर-भाजपा 15 राजनीतिक दलों की बैठक हुई जहां पर 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर साझा रणनीति बनाने पर चर्चा हुई ।इस बैठक का मेन टारगेट रहा कि किस तरीके से 2024 में भाजपा के विजय रथ को रोका जाए। पिछले 2 महीने से नीतीश विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए नेताओं के साथ मुलाकात कर रहे हैं।इस बैठक से बसपा प्रमुख मायावती ने दूरी बना ली है और तंज कसा है। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दल, जिन मुद्दों को उठा रहे हैं। बिहार में बैठक कर रहे हैं। ये दिल मिले न मिले, हाथ मिलाते रहिए, की कहावत को चरितार्थ करता है।मायावती ने गुरुवार को एक के बाद एक 4 ट्वीट किए। उन्होंने लिखा, अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखकर ये पार्टियां आम लोगों के बीच भरोसा बनाती तो बेहतर होता। इन्हें अपने गिरेबान में झांक कर नीयत को थोड़ा पाक-साफ कर लेना चाहिए। मुंह में राम बगल में छुरी।, आखिर कब तक चलेगी?बसपा सुप्रीमो ने कहा, ''महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन, अशिक्षा, जातीय द्वेष, धार्मिक हिंसा से ग्रस्त देश में बहुजन के हालात त्रस्त हैं। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस, भाजपा जैसी पार्टियों के पास भीमराव अंबेडकर के मानवतावादी समतामूलक संविधान को सही से लागू करने की क्षमता नहीं है।'' मायावती ने आगे कहा, उत्तरप्रदेश में लोकसभा की 80 सीट चुनावी सफलता की कुंजी कहलाती है। लेकिन, विपक्षी पार्टियों के रवैये से ऐसा नहीं लगता है कि वे यहां अपने उद्देश्य के प्रति गंभीर व चिंतित हैं। बिना सही प्राथमिकताओं के साथ यहां लोकसभा चुनाव की तैयारी क्या वाकई जरूरी बदलाव ला पाएगी?

इसके पूर्व की घटनाओं में तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की पार्टी भारत राष्ट्र समिति महाराष्ट्र में पैर पसारने की कोशिश कर रही है। पिछले दिनों महाराष्ट्र में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। इसी तर्ज पर केसीआर और कांग्रेस की मायावती ने टेंशन बढ़ा दी है। मायावती की बहुजन समाज पार्टी तेलंगाना में विस्तार की तैयारी में है जिससे कांग्रेस और केसीआर की बेचैनी बढ़ गई है। जानकारों का कहना है कि मायावती का इस तरह से दक्षिण के राज्यों में विस्तार अचानक नहीं हुआ है बल्कि इसके पीछे सोची समझी रणनीति है। मायावती, कांग्रेस और केसीआर के वोटों में सेंध लगा सकती है। ऐसे में सवाल उठता है कि मायावती के इस कदम से किसे फायदा होगा, किसे नुकसान होगा।

बताया जाता है कि मायावती तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति की धड़कनें बढ़ा सकती हैं। बताया जा रहा है कि मायावती दक्षिण के राज्यों में पिछड़ी और अनुसूचित जातियों में पैठ बनाने की कोशिश में हैं। मायावती इसकी शुरूआत तेलंगाना से ही करने वाली है। मायावती के इस कदम से कांग्रेस में खलबली मची हुई है। कांग्रेस को शक है कि मायावती के इस रणनीति के पीछे भाजपा है हालांकि इससे पहले भी मायावती तेलंगाना के मुख्यमंत्री को घेरती रही हैं। वे बिहार के बाहुबली आनंद मोहन की रिहाई पर केसीआर की चुप्पी पर सवाल उठा चुकी हैं। उन्होंने मई माह में कहा था कि तेलंगाना के आईएएस अधिकारी की बिहार में हत्या करने वाले को राज्य सरकार रिहा करती है तो तेलंगाना के मुख्यमंत्री इस संबंध में एक शब्द नहीं बोलते हैं।

बता दें कि इसी साल 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री केसीआर ने राज्य में 125 फीट की बाबा साहेब आंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया था। इस कार्यक्रम में बाबा साहेब आंबेडकर के पोते प्रकाश आंबेडकर भी शामिल हुए थे। इसके बाद से ही सवाल उठने लगे थे कि आखिर केसीआर का बाबा साहेब आंबेडकर पर इतना प्रेम क्यों उमड़ रहा है। इसकी क्या वजह हो सकती है। बताया जा रहा है केसीआर तेलंगाना के सत्ता में दोबारा वापसी के मकसद से यह कदम उठाया है। दरअसल, तेलंगाना के 33 में से नौ जिलों में 20 प्रतिशत दलितों की आबादी निवास करती है। ये दलित वोट सत्ता तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। ऐसे में केसीआर को डर है कि यह वोट छिटक न जाए।

वैसे बात इतनी भी आसान नहीं है बल्कि इसका राज भी बहुत गहरा है। बताया जा रहा है कि बहुजन समाज पार्टी की राज्य में कमान संभाल रहे आर एस प्रवीण की लोकप्रियता बढ़ रही है। दरअसल प्रवीण पूर्व आईएएस हैं। उन्होंने अपने नौकरी के दौरान एक संगठन बनाया था जिससे कई हजार दलित समुदाय जुड़ा हुआ है। प्रवीण राज्य में दलितों और पिछड़े बच्चों के लिए बहुत काम किया है। बीते माह मायावती ने तेलंगाना में प्रवीण को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया था। बताया जा रहा है कि प्रवीण को तेलंगाना में दलितों और पिछड़ों का भरपूर समर्थन मिल रहा है जिससे केसीआर ही नहीं कांग्रेस भी डरी हुई है।

बताया जा रहा है कि केसीआर द्वारा राज्य में दलित बंधु योजना लांच करने के पीछे दलितों को अपने पाले में करना है ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में भारी वोट हासिल किया जा सके। इस योजना को 2021 में राज्य में लांच किया गया था। इस योजना के तहत दलित परिवार को दस लाख रुपया बिना ब्याज के दिया जाता है जिससे यह परिवार अपना कोई व्यवसाय शुरू कर सकता है हालांकि इस योजना का लाभ केसीआर को मिलेगा कि नहीं यह चुनाव बाद ही पता चलेगा। वहीं कांग्रेस भी मायावती के तेलंगाना में चुनाव लड़ने की तैयारी बौखला गई है क्योंकि तेलंगाना में कांग्रेस और केसीआर के बीच छत्तीस का आंकड़ा है। केसीआर लोकसभा चुनाव में न भाजपा के साथ जाने को तैयार हैं और न ही कांग्रेस के साथ। वे नीतीश कुमार से मिलकर तीसरा मोर्चा बनाने की वकालत कर चुके हैं लेकिन नीतीश कुमार इसे नकार चुके हैं। वे हर हाल में कांग्रेस को साथ रखना चाहते हैं।

ऐसे में माना जा रहा है कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव के दौरान केसीआर , मायावती और कांग्रेस दोनों दल दलितों और पिछड़ों की राजनीति करते नजर आ सकते हैं। कांग्रेस भी तेलंगाना में कर्नाटक जैसी योजनाओं की घोषणा कर सकती है। कांग्रेस दलित और पिछड़े वोटों को अपने पाले में रखने की भरकस प्रयास करती रही है। गौरतलब है कि आंबेडकर जयंती पर जब केसीआर ने बाबा साहेब आंबेडकर की 125 फीट की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम रखा था, उसी दिन हैदराबाद में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यक्रम आयोजित किया था। इन तमाम रस्साकसी के बावजूद देखना होगा कि दलित और पिछड़ा वोट किधर जाता है। वहीं कहा जा रहा है कि मायावती की तेलंगाना में एंट्री के पीछे भाजपा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि मायावती का तेलंगाना में आने का मकसद दो हो सकता है। पहला यह कि वह कांग्रेस का वोट काट सके। दूसरा यह कि चुनाव केवल कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति न रह जाए। ऐसे में यह साफ है कि इस लड़ाई में फायदा भाजपा को होना तय है। वैसे कांग्रेस कुछ भी कहे लेकिन कई राज्यों में उसकी स्थिति बहुत ही कमजोर है। कांग्रेस भले कर्नाटक में जीत दर्ज की हो लेकिन कई राज्यों में कांग्रेस संगठन मजबूत नहीं है। यही वजह है कि क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस को आंख दिखा रही है। तो देखना होगा कि इस साल तेलंगाना चुनाव में दलित वोट किधर जाता है। क्या मायावती अपने पारंपरिक वोट से तेलंगाना में कोई करिश्मा दिखाएंगी ? यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

तेलंगाना ही नहीं, मायावती ने कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, और मध्य प्रदेश में हम दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों का हर स्तर पर हो रहे शोषण, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दों पर हम आने वाले विधानसभा चुनावों में उतरने वाले हैं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से भाजपा और कांग्रेस में इस मुद्दे पर काफी प्रमुखता से लड़ाई चल रही है कि इन दोनों में कौन बड़ा हिंदुत्ववादी व हिंदू भक्त है और पूजा पाठ करने में माहिर है।

आपको बता दें भले ही बीएसपी मध्यप्रदेश में कभी भी किंग मेकर की भूमिका में ना रही हो लेकिन कुछ सीटें ऐसी हैं जहां बसपा कांग्रेस और भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा करती है और कुछ सीटों पर हार जीत में निर्णायक भूमिका निभाती है। मध्यप्रदेश के चुनावी सफर की बात की जाए तो मप्र के सियासी इतिहास में अभी तक किसी तीसरे दल ने सरकार नहीं बनाई है या यूं कहे कि मध्यप्रदेश में अभी तक तीसरे मोर्चा नहीं उभरा लेकिन बसपा ने साल के अंत में होने वाले चुनावों को लेकर मोचाबंदी शुरू कर दी है। जगह जगह यात्राएं निकाली जा रही है, बैठक, सभाएं और जनसभाएं की जा रही है। मध्यप्रदेश में बसपा तीसरे दल के रूप में उभरने की कोशिश में है। मध्यप्रदेश में बसपा और उसका इतिहास मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति के लिए 47 सीटें आरक्षित हैं जबकि 70 से 80 सीटें ऐसी हैं जहां एससी वोटर निर्णायक भूमिका में होता है।

# इंडिया यूएसए स्किलिंग फॉर फ्यूचर-प्लस

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारत के अमेरिकी स्टेट विजिट को जहां अमेरिका द्वारा हाथों हाथ लेकर अपने पलकों पर बैठाने से सारी दुनिया अचंभित और हैरान है, वहीं पड़ोसी और विस्तारवादी मुल्क टकटकीनजरों से सब देख कर मुंह मोड़ मरोड़कर रह गए हैं और खतरनाक आतंकियों को वैश्विक घोषित करने में वीटो पावर का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। परंतु भारत अमेरिका इन सब बातों से दूर मानवता के भविष्य को सुरक्षित सुव्यवस्थित करने में लगे हुए हैं जिनके अनेक उपायों में से एक शिक्षा बहुत बड़ा स्तंभ है। क्योंकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मानवता के भविष्य की शिल्पकार है। भारत और अमेरिका के पास उसके दोनों पहिए हैं। अमेरिका के पास कौशल तकनीकों की खान है तो भारत के पास कुशल युवाओं की फैक्ट्री अगर दोनों मिल जाए तो शिक्षा क्षेत्र में नए आयामों के अध्याय जुड़ सकते हैं जिससे मानवता और मानवीय समस्याओं का समाधान आकाश की ऊंचाइयों और समंदर की गहराइयों तक करके उनका निवारण करने में सक्षम हुआ जा सकता है, जिसकी चर्चा शुरू हो गई है, जिसमें 22 जून 2023 का दिन महत्वपूर्ण रहा। एक ओर जहां महाराष्ट्र के पुणे में जी-20 शिक्षा मंत्रियों की बैठक हुई तो दूसरी ओर भारत, अमेरिका स्टेट विजिट में इंडिया यूएसए स्किलिंग फॉर फ्यूचर विषय पर कार्यक्रम हुआ दोनों को भारतीय पीएम ने संबोधित किया जबकि वाशिंगटन डीसी में फर्स्ट लेडी जो बाइडेन ने भी संबोधित किया अगर इन विचारों को हकीकत की धरा पर उतारा जाए तो पूरी दुनियां भारत अमेरिका जोड़ी का लोहा मानेगी। चूंकि आज 22 जून 2023 को जी-20 के शिक्षा मंत्रियों की बैठक और वाशिंगटन डीसी के कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र की अभूतपूर्व चचाएं हुई दोनों कार्यक्रमों को भारतीय पीएम ने संबोधित किया, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इंडिया यूएसए स्किलिंग फॉर फ्यूचर प्लस जी-20 शिक्षा मंत्रियों की बैठक इक्वल टू उज्जवल भविष्य पक्का।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 22 जून 2023 को वीडियो संदेश से जी-20 शिक्षा मंत्रियों की बैठक को संबोधित करने की करें तो उन्होंने कहा, शिक्षा न केवल ऐसी बुनियाद है जिस पर हमारी सभ्यता का निर्माण हुआ है, बल्कि यह मानवता के भविष्य की वास्तुकार भी है। शिक्षा मंत्रियों के रूप में, आप सभी के लिए विकास, शांति और समृद्धि के हमारे प्रयासों में मानव जाति का नेतृत्व करने वाले शेरपा हैं। भारतीय शास्त्रों में शिक्षा की भूमिका का वर्णन आनंद प्रदान करने वाले के रूप में की गई है। उल्लेखनीय है कि पीएम ने आज पुणे में आयोजित जी-20 शिक्षा मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया।सभा को संबोधित करते हुए, पीएम ने कहा कि शिक्षा न केवल वह नींव है जिस पर हमारी सभ्यता का निर्माण हुआ है, बल्कि यह मानवताके भविष्य कीशिल्पकार भी है। पीएम ने शिक्षा मंत्रियों का शेरपाओं के रूप में उल्लेख किया और कहा कि वे सभी के लिए विकास, शांति और समृद्धि के प्रयास में मानवता की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय धर्मग्रंथ शिक्षा की भूमिका का वर्णन आनंद प्रदान करने वाली कुंजी के रूप में करते हैं। संस्कृत के एक श्लोक का पाठ करते हुए जिसका अर्थ है सच्चा ज्ञान विनम्रता देता है, विनम्रता से योग्यता आती है, योग्यता से धन प्राप्त होता है, धन व्यक्ति को अच्छे कर्म करने में समर्थ बनाता है और यही आनंद लाता है, पीएम ने कहा कि भारत एक समग्र एवं व्यापक यात्रा पर निकल पड़ा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मूलभूत साक्षरता युवाओं के लिए एक मजबूत आधार तैयार करती है और भारत इसे प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ रहा है।

## मणिपुर पर सर्वदलीय बैठक

**मणिपुर** के हालात पर अब जाकर केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। गृहमंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को ट्विटर पर लिखा कि 'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए 24 जून को दोपहर 3 बजे नई दिल्ली में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है।' यह घोषणा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वासरमा की दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात के तुरंत बाद की गई। श्री बिस्वासरमा एनडीए के पूर्वोत्तर चैप्टर नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस के संयोजक भी हैं। उन्होंने 10 जून को इंफाल का दौरा किया था और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह समेत कई नेताओं से मुलाकात की थी। हालांकि इन मुलाकातों का नतीजा क्या निकला, इस बारे में कुछ कहना कठिन है।

क्योंकि मई की शुरूआत से मणिपुर के हालात बिगड़ना शुरू हुए और दिन-ब-दिन खराब ही होते जा रहे हैं। अभी तक 110 से अधिक जानें जा चुकी हैं। 250 से ज्यादा चर्च जला दिए गए, हजारों घरों को आग के हवाले कर दिया गया। कुकी आदिवासी पलायन के लिए मजबूर हो गए। मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की बात पर तनाव शुरू हुआ, जिसे शुरू में संभाला नहीं गया। राज्य और केंद्र सरकार दोनों ने इस मुद्दे पर अक्षम्य लापरवाही बरती है, जिसका नतीजा आज मणिपुर के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। यह दुखद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर पर बिना कुछ कहे अमेरिका दौरे पर चले गए। मणिपुर के कई प्रतिनिधि मंडलों ने उनसे मिलने की नाकाम कोशिश की। यह समझ से परे है कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर को इतनी चुप्पी क्यों अख्तियार करनी पड़ी है। प्रतिनिधि मंडलों से मिलने में उन्हें किस बात का डर या झिझक थी। और अब गृहमंत्रालय ने भी सर्वदलीय बैठक तभी क्यों रखी, जब प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर हैं। श्री मोदी का अमेरिका और मिस्त्र का दौरा 25 जून तक का है, उसके बाद भी यह बैठक रखी जा सकती थी। जब 50 दिनों तक ऐसी किसी पहल को सरकार ने टाला है, तो दो-तीन दिन और टाल ही सकती थी। वैसे भी तकनीकी सुविधा के कारण अब दुनिया के किसी भी कोने से किसी से भी जुड़ना आसान हो गया है। श्री मोदी के बारे में तो यही कहा जाता है कि वे दिन-रात काम करते हैं, और महज तीन घंटे सोते हैं, थकते नहीं हैं। तो इस बैठक में उन्हें भी वर्चुअली जोड़ा जा सकता था। आखिर देश के लिए इतना वक्त तो वे निकाल ही सकते हैं।

# अधिवक्ता संघ के निर्णय का पूर्व अध्यक्ष ने जताया विरोध

## गलत रास्ते पर चल रहा अधिवक्ता संघः रुद्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश तिवारी ने अशोक गुप्ता एड के मामले में कहा कि अधिवक्ता संघ की कल कचहरी परिसर में हुई बैठक में निर्णय का विरोध जताया। कहा कि ये बैठक धन-बल के जोर पर गुपचुप हुई है। बिना कोरम पूरा किये मनमानी ढंग से एकपक्षी निर्णय लेकर संघ व अधिवक्ताओं के दुरुपयोग का प्रयास किया है।

शुक्रवार को अधिवक्ता संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश तिवारी ने अधिवक्ता संघ के मनमानी निर्णय का बहिष्कार करते हुए आम सभा बुलाने का अनुरोध किया है। कहा है कि अशोक गुप्ता के वक्तव्य हैं कि वह खुद सक्षम है। अधिवक्ताओं में इसे लेकर आक्रोश है। व्यक्ति स्वार्थ के लिए संघ का दुरुपयोग न करने का सभी अधिवक्ताओं ने संकल्प लिया। इस दौरान अधिवक्ता जेपी सिंह, शिवशंकर उपाध्याय, राजेश सिंह चैहान, धर्मेन्द्र तिवारी, राजू पाण्डेय, विराग सिंह, अनुराग सिंह, अनुराग द्विवेदी, धर्मेन्द्र कुमार समेले, रोहित सिंह, राजेश शुक्ला, रवि मिश्रा, आरती दीक्षित, विनीत पयासी, रणविजय सिंह, बब्बू गर्ग, रमेश मिश्र, शैलेन्द्र श्रीवास, अमित मिश्रा, राजेश आदि मौजूद रहे।

इधर, ह्यूमन राइट्स लॉ नेटवर्क के जिलाध्यक्ष रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि बार संघ कानून का पालन कराने को बना है, न कि गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों की मदद के लिए है। बार संघ के कुछ पदाधिकारी ने ये व्यक्तिगत निर्णय लिया है। कुछ दिन पहले करवरिया खानदान की इमारत गिराई गई थी। तब अधिवक्ता संघ ने कुछ नहीं किया, जबकि करवरिया खानदान में इसी बार संघ में वकील हैं। इसलिए अशोक गुप्ता एड के मामले में बार संघ का लिया निर्णय भेदभाव पूर्ण है। इसे अधिवक्ता मानने को बाध्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ गलत निर्णय लेकर गलत रास्ते पर चल



रहा है। अधिवक्ता की मदद अदालत में की जा सकती है और की जानी चाहिए, लेकिन कोई अधिवक्ता कानून व्यवस्था को तोडकर आपराधिक मामलों में लिप्त है तो उसे बार संघ मदद देकर अपनी साख को धक्का लगा रहा है। ऐसे में हर अधिवक्ता का कर्तव्य है कि बार संघ के मनमाने निर्णय का विरोध करें। कुछ अधिवक्ता ही आपराधिक मामलों में लिप्त होकर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार अपने निजी स्वार्थों के लिए कराते हैं, लेकिन बहुसंख्यक अधिवक्ता इस तरह के बहिष्कार के खिलाफ हैं।

### स्कूल संचालक के पक्ष में अधिवक्ता नहीं करेंगे बहिष्कार

चित्रकूट। नामचीन रसूखदार अधिवक्ता व होटल स्वामी के पक्ष में अधिवक्ता संघ के डीएम व एसडीएम न्यायालय के बहिष्कार का दर्जनों अधिवक्ताओं ने विरोध जताया। कमर्शियल बिल्डिंग पर बुलडोजर चलने के मामले में अधिवक्ताओं ने निजी व्यवसायिक मामले में साथ देने से इनकार किया है। कमर्शियल बिल्डिंग स्वामी पर अधिवक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाये हैं। अधिवक्ता संघ को कमर्शियल बिल्डिंग स्वामी गुमराह कर अधिकारियों पर गलत दबाव बनाने का आरोप लगा रहे हैं। कमर्शियल बिल्डिंग स्वामी व स्कूल संचालक के पक्ष में किसी भी न्यायालय का अधिवक्ता बहिष्कार नहीं करेंगे।

## दलित महिला ने सिपाही से जताई शादी की इच्छा

चित्रकूट। सरधुआ थाने की एक विवाहित महिला ने थाने के सिपाही पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए उससे शादी करने को कहा है। थानाध्यक्ष सरधुआ को दी तहरीर में पीडिता ने सिपाही पर गम्भीर आरोप लगाये हैं। शुक्रवार को सरधुआ थाने की विवाहित महिला ने थाने में दी तहरीर में कहा कि वह हरिजन कालोनी पुरवा की है। पति परदेश में रहते हैं। वह बच्चों के साथ घर में रहती है। सरधुआ थाने में तैनात सिपाही नरेन्द्र कुमार ने दुश्यंत सिंह पुत्र अमरेश सिंह के साथ उसके घर आना-जाना शुरू किया। इस बीच सिपाही ने झांसा दिया कि वह अपने साथ शादी करके रख लेगा। इसके चलते उसने तीन-चार माह तक शारीरिक सम्बन्ध बनाकर दुष्कर्म किया। उसके पेट में तीन माह का गर्भ ठहरने पर 21 जून को रमपुरिया प्राइवेट अस्पताल में स्वयं ले जाकर गर्भपात करा दिया। अस्पताल का पूरा खर्चा सिपाही ने दिया। अब वह सिपाही के साथ रहना चाहती है। पति उसे रखने को तैयार नहीं है।

पीडिता ने थानाध्यक्ष से कहा कि वह सिपाही के साथ रहने को तैयार है। उसकी सिपाही से शादी करवाई जाये। इस सम्बन्ध में सिपाही या पुलिस का पक्ष नहीं मिल सका।

## प्रभास महासभा के दुर्गा प्रसाद बने प्रदेश प्रचारक

**अखंड भारत संदेश**



चित्रकूट। प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव साधना मिश्रा ने समाजसेवी दुर्गा प्रसाद केशरवानी निवासी लालापुर को प्रदेश प्रचारक नियुक्त किया है। प्रभास महासभा के पदाधिकारियों ने दुर्गा प्रसाद केशरवानी को प्रदेश प्रचारक नियुक्त करने पर खुशी जताई है।

शुक्रवार को संगठन के केंद्रीय प्रभारी रोहित कश्यप ने कहा कि प्रभास महासभा प्रदेश कार्यकारिणी में अभी कई प्रचारकों की नियुक्ति करेगा। संगठन की नीतियों का अधिक प्रचार प्रसार हो सके। दुर्गा प्रसाद एक समाजसेवी हैं। जो प्रभास महासभा के कार्यों की गति को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत



**अखंड भारत संदेश**

चित्रकूट। रेलवे ट्रैक पार करते समय अलग-अलग स्थान पर दो लोगों की मौत हो गई। परिजनों को सूचना मिलने पर कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

कोतवाली कर्वी के कसहाई निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि छोटा भाई रामप्रकाश (23) पुत्र स्व जयनारायण वर्मा बीती रात बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजन उसकी खोजबीन में जुट गए। शुक्रवार को उसका शव ओवरब्रिज रेलवे फाटक के पास पड़ा मिला। इसकी सूचना जीआरपी ने जेब से मिले कागजात के आधार पर परिजनों को दी। यह सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। भाई ने बताया कि शायद वह रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। अचानक किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

इसके अलावा सीतापुर चैकी क्षेत्र के चकमाली अमानपुर निवासी बच्चा निषाद ने बताया कि छोटा भाई कल्लू (52) गुरुवार को सवेरे पैदल अपना खेत देखने जा रहा था। चंद्रगहना रेलवे क्रासिंग के पास ट्रैक पार कर रहा था। तभी चित्रकूटधाम कर्वी से बांदा की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो पुत्र व एक पुत्री है। पत्नी बिट्टी देवी का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## 15 जुलाई को होगी हाईस्कूल/इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

चित्रकूट। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज के निर्देश में हाईस्कूल इंप्रूवमेंट/कंपार्टमेंट एवं इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा वर्ष 2023 को आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षा 15 जुलाई को संपादित कराई जाएंगी। जिसमें हाईस्कूल इंप्रूवमेंट/कंपार्टमेंट परीक्षा 15 जुलाई को प्रथम पाली में आठ बजे से 11.15 बजे तक, इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा 15 जुलाई को द्वितीय पाली में दो बजे से 5.15 बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल इंप्रूवमेंट/कंपार्टमेंट एवं इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा जिला मुख्यालय के परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में संपन्न होगी। संबंधित परीक्षार्थी परिषद की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर 15 जुलाई को परीक्षा प्रारंभ होने के 45 मिनट पहले परीक्षा केंद्र में पहुंचे।

## पुलिस ने दबोचा शराब कारोबारी

**अखंड भारत संदेश**



चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण सिंह की टीम ने भैरो प्रसाद पुत्र चुनकावन निवासी सेमरिया जगन्नाथवासी को 28 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। टीम में दरोगा प्रवीण सिंह, सिपाही आशीष सिंह, शिवम मिश्रा शामिल रहे।

# पंकज के सहकारी बैंक अध्यक्ष बनने पर लोगों ने दी बधाई



प्रमाण पत्र मिलने पर बधाई देते भाजपाई।


**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पद को पंकज अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष पद पर मधुरेन्द्र प्रताप सिंह ने नामांकन किया। नामांकन निर्विरोध होने पर दोनों निर्विरोध अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुन लिए गये।

शुक्रवार को बांदा जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पद पर पंकज अग्रवाल के नामांकन करने पर अन्य किसी के नामांकन करने न आने पर पंकज अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुन लिए गये। इसी प्रकार मधुरेन्द्र प्रताप सिंह भी उपाध्यक्ष पद पर चुने गये। उनके निर्विरोध निर्वाचित होने पर प्रमाण पत्र दिये गये।

प्रमाण पत्र मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता समेत तमाम लोगों ने उन्हें बधाई दी। इस मौके पर तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# बलिदान दिवस के रुप में बनी डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि




डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते सांसद।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में कार्यकताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया। 11 मंडलों और सभी 850 बूथों में मुखर्जी जी के बलिदान दिवस का कार्यक्रम मनाया गया।

शुक्रवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने गोष्ठी में कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म छह जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में आशुतोष मुखर्जी के घर माता जोगमाया की कोख से हुआ। डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे और 33 वर्ष की अल्पायु में आठ अगस्त 1934 को कलकता विवि के सबसे कम आयु के कुलपति बन गए। वह कहते थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से सब एक हैं, जबकि धर्म के आधार पर विभाजन के वह कट्टर विरोधी थे। उनकी धारणा थी कि हममें कोई अन्तर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं, एक भाषा, एक संस्कृति और हमारी एक ही विरासत है। आजाद भारत के पहले मंत्रि मंडल में एक गैर कांग्रेसी उद्योग मंत्री के रूप में शामिल हुए, परन्तु राष्ट्रवादी चिन्तन के चलते अन्य नेताओं से मतभेद बराबर बने रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले ऐसे महामानव सदियों में जन्म लेते हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। उन्होने बहुत से गैर कांग्रेसी हिन्दुओं की मदद से कृषक प्रजा पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबन्धन का निर्माण किया।

जिला संयोजक शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि डॉ मुखर्जी जी का जीवन चरित्र जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे। प्रधानमंत्री उनके चरण चिन्हों पर चलकर देश को परम वैभव पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। गोष्ठी में पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष व बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य लवकुश चतुर्वेदी ने मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया, जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी, जिला मंत्री राजेश्वरी द्विवेदी, नगर मंडल संयोजक रवि गुप्ता, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अर्चना सिंह, सुरेश अनुरागी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो, सह जिला संयोजक शिवाकांत पांडे, गोलू गर्ग समेत भाजपाई मौजूद रहे।

# जुआ खेलते चार जुआरी को पुलिस ने दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भाष्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा कन्हैयालाल बक्स सिंह की टीम ने ताश के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते चार लोगों को दबोचा है।

शुक्रवार को राजापुर थाने के दरोगा कन्हैयालाल बक्स की टीम ने जुआ खेलते राजकुमार पुत्र रामदास निवासी पश्चिम नाका, मेवालाल पुत्र घसीटे निवासी कस्बा राजापुर, छंगु पुत्र महावीर निवासी कस्बा राजापुर व विकास पुत्र रामनरेश पाण्डेय निवासी कस्बा राजापुर को गिरफ्तार किया है।

जुआरियों के कब्जे से मालफड़ में 1520 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी में 990 रुपये बरामद हुए। इनके खिलाफ थाने जुआ अधिनियम के तहत चालान किया गया। टीम में दरोगा कन्हैयालाल बक्स, सिपाही उज्ज्वल पाण्डेय व सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहे।

## दो नवीन पुलिस चैकी का हुआ लोकार्पण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर ने पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में थाना बरगढ़ की नव सृजित हरदीकला पुलिस चैकी व थाना मऊ की नव सृजित खण्डेहा पुलिस चैकी का लोकार्पण किया।

शुक्रवार को अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने व क्षेत्रीय जनता को थाने पर शीघ्र पहुंचने में कठिनाई के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने नव सृजित पुलिस चैकियों की मंजूरी कर भवन तैयार कराकर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन मौजूदगी में उनके कर-कमलों से लोकार्पण हुआ।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ने मिशन शक्ति अभियान के तहत सराहनीय कार्य करने में परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया समेत अन्य 31 महिला सिपाहियों को प्रशस्ति-पत्र देकर पुरस्कृत किया। जिला स्तर पर वीरता का उदाहरण पेश करने वाली अवयस्क वीरांगना को अपने माता-पिता की अनुपस्थिति में जो अपने घर के अन्दर सोयी हुयी थी के घर में गांव का एक व्यक्ति बुरी नियत से घुसकर उसे जबरन एक कमरे में ले गया कि अपने बचाव में सूझ-बूझ व साहस का परिचय देते हुए कमरे के बाहर की कुंडी लगाकर आवाज देकर आस-पास लोगों को मौके पर बुलाकर अपनी रक्षा की। कु कामिनी (9) पुत्री कुबेर निवासी पहाड़ी बुजुर्ग को आठ अप्रैल को गेहूं फसल की थ्रेसिंग के दौरान कु अंजली (11) के सिर के बाल थ्रेसर के पट्टे में फसने से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थी। अपनी बड़ी बहन को बचाव के प्रयास में सूझ-बूझ व वीरता के साथ उसकी रक्षा की। वीरता प्रशस्ति-पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश द्विवेदी, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी भदौरिया, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल समेत नव सृजित चैकी के प्रधान व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## गुण्डागर्दी करने वाले चार दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द ने भोली-भाली जनता में भय आंतक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले देशराज पुत्र बल्लू निवासी दुगवां, रामदयाल पुत्र परशुराम निवासी कोड़न पुरवा मजरा खम्हरिहा, राजा उर्फ फुदलू पुत्र रामकेश निवासी दुगवां व गया पटेल पुत्र अशोक निवासी मानपुर खोह थाना भरतकूप के खिलाफ थ्री यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## संचारी रोग नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन गंभीर

**मथुरा :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान एक से 31 जुलाई के सफल संचालन के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की समीक्षा की। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी को संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों के विषय में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षकों को ब्लॉक लेवल समस्त विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर संचारी अभियान के अंतर्गत की जाने वाली समस्त गतिविधियां शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए गये। साथ ही समस्त ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षकों को आशा, आंगनवाड़ी तथा एएनएम का प्रशिक्षण तय दिनांक में कराने एवं संचारी अभियान के लिए माइक्रोप्लान 27 जून तक तथा दस्तक अभियान के लिए माइक्रोप्लान सात जुलाई तक डब्लूएचओ तथा यूनिसेफ के सहयोग से तैयार करा कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय भेजने के निर्देश दिए गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम मथुरा वृंदावन को शहरी क्षेत्र में माइक्रो प्लान के अनुसार नियमित नालियों की सफाई झाड़ियों की कटाई फॉगिंग तथा साप्ताहिक लार्वा नाशक दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अपर जिला पंचायती राज अधिकारी मथुरा को ग्रामीण क्षेत्र में नियमित लार्वा नाशक दवा का छिड़काव नालियों की सफाई फॉगिंग झाड़ियों की कटाई लोगों को शौचालय का प्रयोग करने हेतु जागरूक करना आदि कार्य कराने के निर्देश दिए गये द्य जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस को दस्तक अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा आशा के साथ शत प्रतिशत घर घर भ्रमण करने हेतु निर्देश दिए गये।

## अब काहिरा में मोदी का इंतजार, अमेरिका के बाद मिस्र की यात्रा पर जाएंगे भारतीय प्रधानमंत्री

**काहिरा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। अमेरिका में मोदी छाए हुए हैं और उनका जोरदार स्वागत हो रहा है। अमेरिका के बाद अब काहिरा में मोदी का इंतजार किया जा रहा है। अपनी अमेरिका यात्रा समाप्त कर भारतीय प्रधानमंत्री मिस्र की यात्रा पर जाएंगे। भारतीय प्रधानमंत्री 23 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। अमेरिका से मोदी मिस्र के लिए रवाना होंगे। वे 24-25 जून को दो दिन की राजकीय यात्रा पर मिस्र में रहेंगे। यह वर्ष



1997 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली मिस्र यात्रा होगी। वे मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी के निमंत्रण पर यह यात्रा कर रहे हैं। मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी ने भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की थी और उसी समय उन्होंने प्रधानमंत्री को मिस्र यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। इस दौरान भारतीय प्रधानमंत्री व मिस्र के राष्ट्रपति के बीच दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने तथा कारोबार एवं आर्थिक सहयोग के नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। अपनी मिस्र यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मिस्र की राजधानी काहिरा स्थित अल हकीम मस्जिद भी जाएंगे। काहिरा के बाब अल-फुतुह के बगल में स्थित अल हकीम मस्जिद की नींव वर्ष 990 में फातिमी खलीफा अल-अजीज बी-इलाह निजार ने रखी थी। वर्ष 1013 में अल-अजीज बी-इलाह निजार के बेटे अल-हकीम के शासनकाल के दौरान इसका निर्माण पूरा हुआ था। वर्ष 1302 में मिस्र में आये भूकंप के कारण अल-हकीम मस्जिद बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

## श्रीलंका की सेना ने गिरफ्तार किए 22 भारतीय मछुआरे, चार नौकाएं जब्त

**कोलंबो।** श्रीलंका की सेना ने 22 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मछुआरों की चार नौकाएं भी जब्त कर ली गयी हैं। ये लोग समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। श्रीलंका की सेना का आरोप है कि भारतीय मछुआरे श्रीलंका के जल क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने और श्रीलंका के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा भारतीय मछुआरों को पकड़े जाने की समय-समय पर घटनाएं होती रही हैं। एक बार फिर भारतीय मछुआरे श्रीलंकाई सेना के निशाने पर आए हैं। श्रीलंका के अधिकारियों के मुताबिक भारतीय मछुआरे जाफना के डेल्फ्ट द्वीप के उत्तर पश्चिम में श्रीलंका के जलक्षेत्र में मछलियों को पकड़ रहे थे। ये लोग नौकाओं पर सवार होकर श्रीलंका के जल क्षेत्र में मछलियां पकड़ने गए थे। बयान के मुताबिक श्रीलंका की नौसेना ने देर रात श्रीलंका के जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले भारतीय नौकाओं को खदेड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। बयान में जानकारी दी गयी है कि तमिलनाडु के रामनाथपुरम, पुडुकोट्टई और नागपट्टिनम जिलों के रहने वाले 22 मछुआरों को देर रात नेदुनथीवु के पास से पकड़ा गया। इन मछुआरों की चार नौकाओं को भी जब्त कर लिया गया। बाद में उन्हें कांकेसनथुरई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मैलाडी मत्स्य पालन निरीक्षक को सौंप दिया गया।

## मोदी से मिले जीई के सीईओ, भारत में उत्पादन को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। दुनिया की प्रमुख औद्योगिक इकाई जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के सीईओ एच. लॉरेन्स कल्प ने वाशिंगटन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जीई और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बीच एक समझौता भी हुआ है, जिसके तहत अब जेट विमान का इंजन भारत में बनने लगेगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन उनसे जीई के सीईओ ए. लॉरेन्स कल्प ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने जीई के साथ तकनीकी सहयोग कर भारत में उत्पादन को बढ़ावा देने की बात कही। जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और अमेरिकी संसद की अधिसूचना के लिए एक निर्यात लाइसेंस समझौता प्रस्तुत किया गया है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि जीई और एचएएल के बीच हुआ यह समझौता भारत में एफ414 इंजन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और इससे अमेरिकी जेट इंजन प्रौद्योगिकी का पहले से कहीं अधिक हस्तांतरण (टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) हो सकेगा।

# अमेरिका की प्रथम महिला ने बिछाया दस्तरख्वान, 400 मेहमानों ने मोदी के साथ किया भोजन

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहतीं। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय डिनर का आयोजन किया गया। इसमें अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने दस्तरख्वान बिछाया और 400 विशिष्ट मेहमानों ने मोदी के साथ भोजन किया। इनमें मुकेश अंबानी, आनंद महिंद्रा, सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे दिग्गज शामिल रहे। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। अमेरिकी दौरे के दूसरे दिन वाशिंगटन में उन्होंने अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इसके बाद मोदी राजकीय डिनर के लिए व्हाइट हाउस पहुंचे, जहां राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन ने भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस रात्रिभोज में मोदी के साथ दुनिया भर के 400 लोगों ने भोजन किया। पत्नी नीता अंबानी के साथ उद्योगपति मुकेश अंबानी से लेकर महिंद्रा कंपनी के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा, भारतीय मूल के सीईओ सुंदर पिचाई, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला और उनकी पत्नी अनु नडेला, भारतीय-अमेरिकी बिजनेस एक्जीक्यूटिव इंदिरा नूई और एप्पल के सीईओ टिम कुक भी व्हाइट हाउस के राजकीय डिनर में शामिल हुए।

डिनर में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के साथ अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, अमेरिकी स्पीकर नैन्सी पेलोसी और भारत में



अमेरिकी दूत एरिक गार्सेटी भी मौजूद थे। भारतीय-अमेरिकी फिल्म निर्माता एम. नाइट श्यामलन, जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ, फ्लेक्सट्रॉनिक्स की सीईओ रेवती अद्वैथी, नेटफ्लिक्स की चीफ कंटेंट ऑफिसर बेला बजरिया, एडोब सीईओ शांतनु नारायण, अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू और भारतीय मूल के अमेरिकी प्रतिनिधि रो खन्ना और उनकी पत्नी रीता खन्ना के साथ राजाकृष्ण मूर्ति डिनर में शामिल हुए।

मेहमानों की सूची में रौनक देसाई और बंसारी देसाई, हुमा आबेदीन और हेबा आबेदीन, रीम एकरा और डॉ. निकोलस तब्बल, माला अडिगा (राष्ट्रपति की डिप्टी असिस्टेंट और फर्स्ट लेडी और चार्ल्स बिरो की नीति और परियोजनाओं की निदेशक), सलमान अहमद (डायरेक्टर पॉलिसी प्लानिंग स्टाफ), किरण आहूजा (यूएस ऑफिस ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट), सैम ऑल्टमैन और ओलिवर मुलहेरिन, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन अपनी पत्नी चार्लेन ऑस्टिन, बेला बजरिया और रेखा बजरिया, डॉ. भरत बरई और पन्ना बरई, जोश बेकेंस्टीन और अनीता बेकेंस्टीन, जोशुआ बेल, राष्ट्रपति के सहायक और फर्स्ट लेडी के सीनियर एडवाइजर एंथोनी बर्नाल के नाम भी शामिल रहे।


**जिल बाइडन ने तैयार किया मेन्यू**

राजकीय डिनर के मेन्यू में मैरिनेटेड मिलेट, ग्रिल्ड कोर्न कर्नेल सैलेड, कॉम्प्रेस्ड वॉटरमेलन और टैंगी एवेकैडो सॉस शामिल रहा। मेन कोर्स में स्टफ्ड पोर्टोबेलो मशरूम, क्रीमी सैफरन इन्फ्यूज रिसोटो को शामिल किया गया था। इसके अलावा सुमैक रोस्टेड सी-बास, लेमन योगर्ट सॉस, क्रिस्प्ड मिलेट केक और समर स्क्वैश को शामिल किया गया। सबसे खास बात यह है कि मेन्यू को अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने गेस्ट शेफ नीना कर्टिस और व्हाइट हाउस के अन्य शेफ के साथ मिलकर तैयार किया।

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता जरूरी, चीन की वजह से छाये टकराव के काले बादल : प्रधानमंत्री मोदी

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र में गुरुवार को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों बड़ी चिंता जताई। उन्होंने बीजिंग पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से अहम है। इस क्षेत्र में चीन की वजह से दबाव और टकराव के काले बादल छाए हुए हैं। इस क्षेत्र की स्थिरता हमारी साझेदारी की प्रमुख चिंता में से एक है।

अमेरिका की राजकीय यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्विक व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर आधारित है। भारत और अमेरिका ऐसे मुक्त, स्वतंत्र एवं समावेशी हिंद-प्रशांत का साझा दृष्टिकोण रखते हैं, जो सुरक्षित समुद्रों से जुड़ा हो। जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों से




परिभाषित हो। जहां किसी का प्रभुत्व न हो।उन्होंने कहा कि दोनों देश ऐसे क्षेत्र की कल्पना करते हैं, जहां सभी छोटे-बड़े देश अपने फैसले स्वतंत्र और निडर होकर कर सकें। जहां तरक्की कर्ज के असंभव बोझ तले दबी न हो। जहां संपर्क सुविधाओं का लाभ सामरिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाए। जहां सभी देश मिलकर समृद्धि हासिल कर सकें।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सोच किसी को रोकने या किसी को अलग रखने पर आधारित नहीं है। बल्कि यह शांति एवं समृद्धि का सहकारी क्षेत्र बनाने को लेकर है। हम क्षेत्रीय संस्थानों और क्षेत्र के भीतर एवं बाहर के अपने भागीदारों के साथ काम करते हैं। इनमें से क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) इस क्षेत्र की भलाई के लिए एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की वार्ता के बाद जारी एक संयुक्त बयान में सभी देशों से नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान किए जाने का आह्वान किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में यूक्रेन में युद्ध के साथ ही यूरोप में युद्ध की वापसी पर चिंता जताई। उन्होंने दोहराया-यह युद्ध का समय नहीं है। यह संवाद और कूटनीति का दौर है। हम सबको रक्तपात और मानव पीड़ा को रोकने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए।

## दुनिया में रहने के लिए सबसे श्रेष्ठ शहर आस्ट्रिया का वियना शहर

**नई दिल्ली।** दुनिया में रहने के लिए सबसे श्रेष्ठ शहर आस्ट्रिया का वियना शहर है। यह दावा इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट ने 'ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2023' नामक जारी में डेटा में किया गया है, जिसमें रहने योग्य सबसे उत्तम और सबसे खराब शहरों का जिक्र है। सूची में दिल्ली और मुंबई को 60वां स्थान मिला है। इस सूची में स्वास्थ्य व्यवस्था, संस्कृति, स्थिरता और पर्यावरण समेत कई कारकों के आधार पर यह आंकड़ा तैयार किया गया है। 'ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2023' द्वारा जारी की गई सूची के मुताबिक, टॉप 10 शहरों में कोई भी भारतीय शहर नहीं है। इस सूची में रहने योग्य सबसे उत्तम शहर वियना है, जबकि डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन दूसरे पायदान पर है। जबकि ऑस्ट्रेलिया का मेलबर्न तीसरा और सिडनी को चौथा स्थान मिला है। कनाडा का वैंकूवर पांचवें पायदान पर है। टॉप 10 शहरों में कनाडा के सबसे ज्यादा तीन शहर, ऑस्ट्रेलिया और स्विट्जरलैंड के दो-दो शहर शामिल हैं।

सर्वे के मुताबिक, एशिया-प्रशांत शहरों ने जहां एक तरफ तरक्की की है। वहीं, पश्चिमी यूरोपीय शहर 2023 की रैंकिंग में नीचे खिसक गए। सबसे बुरा हाल युद्धग्रस्त यूक्रेन की राजधानी कीव का है।173 शहरों की सूची में इस वर्ष कीव को 165वां स्थान मिला है, जबकि 2022 में रूस का मॉस्को शहर खिसकर 96वें स्थान पर आ गया था और इस वर्ष मॉस्को अपने स्थान पर बरकरार है। पड़ोस में स्थित बांग्लादेश और पाकिस्तान के शहरों पर भी एक नजर डालते हैं। 173 शहरों की सूची में बांग्लादेश की राजधानी ढाका को 166वां स्थान, जबकि पाकिस्तान के कराची को 169वां स्थान मिला है।

## नेपाल में भूस्खलन से एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में भूस्खलन से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई । बीती रात ओखलढुंगा जिले के चंपादेवी ग्रामीण नगर पालिका के गुरुंगवस्ती में भूस्खलन के कारण यह हादसा हुआ।पुलिस के मुताबिक पांचों की मौके पर ही मौत हो गई । मृतकों में माता-पिता, दो बेटे और एक बेटी हैं।

पुलिस का कहना है कि भूस्खलन से चार घर पूरी तरह नष्ट हो गए, जबकि तीन घरों में रह रहे लोग जान बचाकर भाग निकले। रेस्क्यू अभियान जारी है । जीप हादसे में पांच की मौतः इसके अलावा गोरखा जिले में एक जीप दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई । गोरखा जिला



पुलिस ने बताया कि घटना शहीद लाखन ग्रामीण नगर पालिका क्षेत्र में हुई । यह लोग सगाई समारोह में हिस्सा लेकर घर लौट रहे थे।

## संरा महासभा का अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक समझौते को अपनाने का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अगुरुवार कोपने 193 सदस्यों से भारत के प्रस्ताव पर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक समझौते को अपनाने का आह्वान किया है। भारत का यह प्रस्ताव एक चौथाई सदी से भी अधिक समय से लटका हुआ है।


महासभा ने अपने एक प्रस्ताव पर अपने सदस्यों से यह आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आतंकवाद-रोधी रणनीति की समीक्षा करने वाले इस प्रस्ताव में सभी देशों के आतंकवादी समूहों को सुरक्षित पनाहगाह, संचालन की स्वतंत्रता, आंदोलन और भर्ती और वित्तीय, सामग्री या राजनीतिक समर्थन से इनकार करने और आतंकवादियों और उनके प्रत्यर्पण को न्याय के दायरे में लाने या प्रत्यर्पित करने का दायित्व दोहराया गया। महासभा ने



आतंकवाद-रोधी सप्ताह के दौरान इस प्रस्ताव पर उच्चस्तरीय बैठक में चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने कहा, हमें खुद से पूछना चाहिए कि क्या हमें इस बात पर बहस जारी रखनी चाहिए कि आतंकवाद या हिंसक उग्रवाद क्या है? विवरणों में डूबे रहना और बड़ी तस्वीर से आंखें मूंदकर रहना चाहिए? उन्होंने पूछा, या हमें एक साथ आना चाहिए और अपने सभी संसाधनों को आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ने के लिए लगाना चाहिए? उन्होंने राजनीतिक और नैतिक इच्छाशक्ति के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्चस्तरीय बैठक में भारत के गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव प्रवीण वशिष्ठ ने कहा, दुर्भाग्य से कुछ देश ऐसे भी हैं जो आतंकवाद से लड़ने के हमारे सामूहिक संकल्प को कमजोर करना या नष्ट करना चाहते हैं।

# टाइटन में सवार लोगों के शव मिलना मुश्किल

**अटलांटिक** महासागर में 12500 फीट में डूबे टाइटनिक जहाज के मलबे को देखने के लिए गए टाइटन पनडुब्बी में सवार 5 लोगों की मौत हो गई है। रोबोट ऑपरेटिंग व्हीकल को पनडुब्बी का मलबा टाइटैनिक जहाज के मलबे से 1600 फीट की दूरी पर मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें मौजूद लोगों का शव मिलना भी काफी मुश्किल होगा।ये इतनी गहराई में है कि जहां किसी इंसान का जाना तो दूर बल्कि सर्च ऑपरेशन चलाना भी काफी चुनौती भरा काम है। अमेरिका के एडमिरल मोगर ने बताया कि समुद्र में जहां पनडुब्बी का मलबा मिला है वहां का वातावरण काफी खतरों से भरा है। अमेरिका की नौसेना ने बताया है कि उन्हें पनडुब्बी के विस्फोट की आवाज रविवार को ही आ गई थी। इसके बावजूद उन्होंने सर्च ऑपरेशन जारी रखा। वो



लोगों को बचाने की हर मुमकिन कोशिश करना चाहते थे।

**दबाव से पनडुब्बी में सवार लोगों के चिथड़े उड़ गए होंगे**


फ्ह्श को मलबे के जो 5 हिस्से मिले हैं, उनमें एक टेल, कोन और प्रेशर हल के 2 सेक्शन शामिल हैं। इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक समुद्र की गहराई में किसी भी तरह की गलती भारी साबित हो सकती है। अगर पनडुब्बी में प्रेशर मैनेज करने के लिए लगे हल के एक हिस्से में भी खराबी आ जाती है तो पनडुब्बी में पानी भरने लगता है। इससे पनडुब्बी में प्रेशर इतना ज्यादा बनेगा कि कुछ मिलीसेकेंड में वो फट जाएगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि टाइटन पनडुब्बी के साथ भी ऐसा ही हुआ होगा। CBS की रिपोर्ट के मुताबिक 2018 में कंपनी ने एक कर्मचारी को निकाल दिया था। इसकी वजह ये थी कि उसने पनडुब्बी से जुड़े खतरों की शिकायत प्रशासन को कर दी थी। उस पर जुमार्ना भी लगाया गया था।15 अगस्त 2018 को उसने कोर्ट में एक केस दर्ज किया था। इसमें कहा था कि पनडुब्बी 1300 मीटर की गहराई के दाब का झेलने के लिए बनी है, जबकि ओशन गेट उसे 4000 मीटर तक की गहराई में भेज रहा है। टाइटैनिक के मलबे के पास जहां पनडुब्बी का मलबा मिला है वो जगह बेहद खतरनाक मानी जाती है। उसे मिडनाइट जोन कहा जाता है क्योंकि वहां अंधेरा रहता है।मिडनाइट जोन में सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पाती और वहां कंपा देने वाली ठंड होती है। पानी के तेज बहाव के कारण यहां खतरनाक करंट भी बनता है। हालांकि 2021 से 2022 के बीच 46 लोग टाइटन पनडुब्बी में बैठकर टाइटेनिक का मलबा देखकर आ चुके हैं।

**कितना गहरा है समुद्र...**

## अमेरिकी संसद में छाए प्रधानमंत्री, मोदी-मोदी के नारों से गूंजा संसद

**वांशिगटन।** अमेरिका की संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहुंचने पर मोदी मोदी के नारों से गूंज उठा। यह दूसरा अवसर था जब प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया।

इससे पहले पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त बयान जारी किया। पीएम ने अपने संबोधन में सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत विकास करता है तो न केवल देशवासियों का इससे फायदा होता है, बल्कि पूरे विश्व का इससे विकास होता है। पीएम ने कहा कि अगले कुछ सालों में ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वहीं व्हाइट हाउस में संबोधन के बाद पीएम मोदी ने कई ट्वीट भी किए। पीएम ने अपने ट्वीट में कहा, गर्मजोशी और गरिमापूर्ण स्वागत से बहुत प्रभावित हूं। आने वाले समय में



और भी गहरे संबंधों और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हूं। व्हाइट हाउस में भारतीय समुदाय की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखकर खुशी हुई। उनका समर्थन और गर्मजोशी वास्तव में उन गहरे संबंधों का प्रतीक है, जो हमारे दोनों देशों को एक साथ बांधते हैं। यह हमारे साझा मूल्यों और आपसी सम्मान का प्रमाण है।

व्हाइट हाउस में एक पत्रकार के सवाल पर पीएम मोदी ने एतराज जताया। दरअसल, पत्रकार ने जैसे ही कहा कि लोग कहते हैं कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, तो पीएम मोदी ने कहा कि मुझे आश्चर्य है कि आप कह रहे हैं कि लोग कहते हैं। लोग कहते हैं नहीं बल्कि भारत लोकतांत्रिक है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों के डीएनए में लोकतंत्र है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि इंडो-पैसेफिक में शांति और सुरक्षा यह हमारी साझा प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मैं और राष्ट्रपति बाइडन एकमत हैं कि इस क्षेत्र का विकास और सफलता पूरे विश्व के लिए महत्वपूर्ण है।

पीएम ने कहा कि व्हाइट हाउस में इतनी बड़ी संख्या में भारतीय लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि इंडियन-अमेरिकन हमारे संबंधों की असली ताकत हैं।व्हाइट हाउस में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद और कट्टरवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हम सहमत हैं कि सीमा पार आतंकवाद को समाप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमेरिका के साथ हमारा आर्थिक संबंध तेजी से बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में हमारे देशों के बीच व्यापार लगभग दोगुना होकर 191 अरब डॉलर से अधिक हो गया है, जिससे भारत और अमेरिका दोनों में हजारों नौकरियां पैदा हुई हैं।

## मोदी की यूएस विजिट का आखिरी दिन: वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस के साथ लंच करेंगे

**वॉशिंगटनः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे का आज आखिरी दिन है। इस चौथे दिन भी मोदी का बिजी शेड्यूल है। प्रधानमंत्री अमेरिकी विदेश मंत्रालय जाएंगे। यहां फॉरेन सेक्रेटरी एंटनी ब्लिंकन के अलावा वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस भी मौजूद रहेंगी। इस दौरान लंच पर बातचीत होगी। इसके बाद मोदी मेक इन इंडिया प्रोग्राम के प्रमोशनल इवेंट में हिस्सा लेंगे। इसमें भारत और अमेरिका के टॉप बिजनेस लीडर्स मौजूद रहेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक- कुल मिलाकर 1200 भारतीय और अमेरिकी बिजनेस टायकून इस इवेंट में शामिल होंगे।

**स्टेट डिपार्टमेंट का दौरा अहम**

अमेरिकी विदेश विभाग में एंटनी ब्लिंकन मोदी का स्वागत करेंगे। यहां एक खास गेस्ट के तौर पर वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस मौजूद रहेंगे। यह एक स्पेशल लंच प्रोग्राम है। इसमें अमेरिकी विदेश विभाग के तमाम आला अफसर शामिल होंगे। माना जा रहा है कि इस मौके पर चीन और पाकिस्तान से जुड़े मुद्दों पर भी विचार किया जाएगा। हाल ही में चीन ने मुंबई हमलों में शामिल साजिद मीर को यूएन टेररिस्ट लिस्ट में शामिल नहीं होने दिया था। यह मुद्दा भी उठ सकता है। माना जा रहा है कि मीटिंग में एनएसए अजीत डोभाल भी शिरकत करेंगे।

**बिजनेस लीडर्स से मुलाकात**

एक अहम इवेंट बिजनेस लीडर्स से मुलाकात है। इसे कैनेडी सेंटर में होगा। इसमें अमेरिकी टॉप कंपनियों के उएड२ शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक, कुल 1200 लोगों के इस इवेंट में फेडेक्स, मास्टरकार्ड एंड एडोबी के अलावा टेक महिंद्रा के उएड२ भी शामिल रहेंगे। मोदी सरकार का फोकस मेक इन इंडिया प्रोग्राम को तरजीह देना है। मोदी इस बारे में ही अपनी बात रखेंगे। जिन लोगों के इवेंट में शामिल होने की संभावना है उनमें सत्या नडेला, आनंद महिंद्रा, सुंदर पिचाई, सैम अल्टमैन, लिसा स्यू, टिम कुक, मुकेश अंबानी, विल मार्शल, थॉमस टुल, निखिल कामथ, विरेंद्र कपूर और हेमंत तनेजा के नाम शुमार हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।